तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 1 जून 2026



जेल लाइन स्थित पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा का छह माह बाद भी नहीं हो सका उद्घाटन।



## खबर संक्षेप

### संजय नगर वार्ड उप चुनाव, मतदान आज

**बिलासपुर।** शहर के तारबाहर क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 संजयनगर में पार्षद उपचुनाव के लिए सोमवार 1 जून को मतदान होगा। वार्ड के मतदाता सोमवार की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है, मतदान के लिए 8 बूथ बनाए गए हैं, जहां वार्ड के मतदाता मतदान करेंगे। वार्ड नंबर 29 संजयनगर वार्ड से पार्षद पद के लिए उपचुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव एवं कांग्रेस प्रत्याशी मो. आजम खान व आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी शाहिल खान के बीच मुकाबला होना है। नाम निर्देशन प्रक्रिया के दौरान कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन वापस ले लिया। 11 मई से 18 मई तक नामांकन दाखिल हुआ और 19 मई को स्क्रूटनी हुई थी, उसके बाद 1 जून को मतदान होना है और 4 जून को मतगणना होगी।

### बाइक सहित गिरे छात्र की पेड़ से टकराकर मौत

**बिलासपुर।** पानी बंद होने के बाद घूमने के लिए निकला छात्र पानी में



चक्का फिसलने से बाइक सहित गिरकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में छात्र की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसलापुर निवासी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया, उनका बेटा मेहूल कुमार सिंह 20 साल प्राइवेट कालेज की पढ़ाई कर प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग कर रहा था। 30 मई की शाम बारिश बंद होने के बाद मेहूल बाइक से शहर में घूमने निकला था। जीडीसी के पास पानी में उसकी बाइक का चक्का फिसल गया, जिससे वह तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिरकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। सूचना पर पुलिस घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

### मरीमाई रोड बदहाल जलभराव से परेशानी



**बिलासपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र मैग्नेटो मॉल के ठीक पीछे स्थित मरीमाई रोड पर इन दिनो बड़े-बड़े गड्ढो में तब्दील हो चुकी है जिनमें गंदा पानी भरा हुआ है। इस मार्ग से गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालक और राहगीर रोज हादसे का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हल्की बारिश में भी यह रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। स्मार्ट सिटी के दावों के बीच,सड़क के हालात और जल निकासी की कुप्रबंधन नगर निगम के दावों की पोल खोलता है।

### टूटे डिवाइडर दे रहे हादसों को न्योता



**बिलासपुर।** शहर के मंदिर चौक ट्रैफिक लाइट के पास यातायात को व्यवस्थित करने के लिए लगाए गए प्लास्टिक के साइड डिवाइडर देखरेख के अभाव से पूरी तरह टूट चुके हैं। झुके हुए स्प्रिंग पोस्ट दो पहिया वाहनों के लिए खतरा बन सकते हैं। शहर के कई ट्रैफिक लाइट पर ऐसी असुविधाए हैं। सरकंडा क्षेत्र के सीपत रोड पर ट्रैफिक जाम और सड़क पर गड्ढों की समस्या लगातार हो रही है। नूतन चौक से राजकिशोर नगर तक शाम होते ही ट्रैफिक जाम की समस्या हो जाती है।

# गर्मी का धान लगाने पानी सबसे जरूरी...और अब पानी ने ही डाला संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

गर्मी में धान की फसल लेने के लिए पानी की व्यवस्था सबसे ज्यादा जरूरी है, लेकिन इस साल मौसम ने ऐसी व्यवस्था की कि पानी की अधिकता ने ही सारे किसानों की समस्या बढ़ा दी है। पिछले एक महीने से रूक-रूककर हो रही बारिश ने किसानों को हलाकान कर रखा है। मिसाई के बाद फसल पा चुके किसानों के पास धान की बड़ी मात्रा को घर पर रखने की जगह नहीं है, वहीं खलिहान में धान रखने की इजाजत मौसम नहीं दे रहा है। बीती रात हुई झमाझम बारिश से पूरे जिले में किसानों का करोड़ों रुपए का धान भीग गया है।

गर्मी में धान की फसल लेने वाले किसान सबसे पहले सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था देखते हैं। इस दौरान ज्यादातर किसान ऐसे होते हैं, जिनके पास सिंचाई के लिए ट्यूबवैल जैसे अपने खुद के साधन होते हैं। इसके बाद भी कई बार ऐसा हो जाता है कि ट्यूबवैल भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं कर पाते। इस दौरान अगर बारिश हो जाए तो किसानों की बांछें खिल जाती हैं। इस साल ठीक ऐसा ही हुआ है। बीते एक महीने से लगातार रूक-रूककर बारिश हो रही है। ऐसे में गर्मी का धान लगाने वाले किसानों को अच्छा-खासा फायदा हो सकता था।

यह फायदा एक निश्चित समय पर बारिश होने व बाद में रूक जाने पर ही होता। जबकि बारिश अब भी जारी है, जब फसल कट चुकी है, और किसान फसल को बेचने के लिए बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं। पहले लगातार बारिश से खेत गीले होने के कारण किसान परेशान हुए, जबकि अब फसल की मिसाई हो जाने, लेकिन बिक्री नहीं हो पाने से किसान हलाकान हो रहे हैं।

**किसानों को हो रहा बड़ा नुकसान**

- फसल पकने के दौरान हुई बारिश से खुश हुए थे किसान
- कटाई-मिसाई के बाद भी बारिश अब तक जारी





**19 सौ से दो हजार पहुंची कीमत**

गर्मी के धान की कीमत लगातार गिर रही है। गर्मी का धान खरीदने वाले राईस मिलर्स एवं पोहा व्यवसायी इस बात अच्छी तरह समझ रहे हैं कि मिसाई करके किसान बड़ी मात्रा मे उत्पादित धान को अधिक समय तक घर में नहीं रख सकते। घर के बाहर का मौसम ऐसा है कि खलिहान में रखना याने धान को पूरी तरह बर्बाद करना है। ऐसे में व्यापारी धान की कीमत लगातार कम कर रहे हैं। बीते साल गर्मी का धान बाजार में बाईस से चौबीस सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर पर बिक रहा था। इसके विपरीत इस साल पहले दो हजार के बाद अब धान की कीमत कहीं-कहीं 19 सौ रूपए क्विंटल तक गिर चुकी है।

### कुछ किसानों को राहत अधिकांश मुसीबत में

तखतपुर के आसपास के गांवों में किसानों ने गर्मी के धान का निर्धारित टाईम पर थरहा लगा दिया था। ऐसे में धान की कटाई व मिसाई भी समय पर हो गई। मिसाई के बाद ज्यादातर किसानों ने बाजार में अपने फसल की बिक्री भी कर ली है। ऐसे में अब हो रही बारिश से उस क्षेत्र के किसानों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है, लेकिन इसी क्षेत्र के अधिकांश गांवों के किसान बीती रात हुई तेज बारिश के कारण मुसीबत में फंस गए हैं। बारिश में किसानों का धान भीग गया है, जिससे इसकी कीमत काफी कम हो गई है, धान के खरीददार भी नहीं मिल रहे हैं।


### बिल्हा क्षेत्र के किसान परेशान

बिल्हा क्षेत्र वैसे भी पानी की कमी के मामले में पहले नंबर पर है। यहां किसानों के द्वारा थरहा लगाने में देर करने के कारण खेती का अगला सारा चरण विलंब से ही पूरा हुआ। ऐसे में अब मौसम खराब होने का असर फसल पर पड़ रहा है। कहीं खेत गीले होने के कारण फसल पककर खेत में खड़ी है, तो कहीं मिसाई का इंतजार हो रहा है। कहीं-कहीं फसल धान के बोरों में भरकर रख लेने के बाद भी बाजार तक नहीं पहुंच पाई है।



# जायज हक रखने वाले व्यापारियों को नहीं मिलीं दुकानें, अब नशेड़ी व खानाबदोशों का अड्डा

**बिलासपुर।** पुराने बस स्टैण्ड पर वर्षो से दुकानदारी कर अपनी रोजी-रोटी चला रहे व्यापारियों की दुकानें तोड़कर नगर निगम प्रशासन द्वारा वहां बड़ा कांप्लेक्स तो बना दिया गया, लेकिन नए कांप्लेक्स में दुकान पाने का पहला अधिकार रखने वाले पुराने व्यवसाइयों को दुकानें आबंटित नहीं की गईं हैं। हालत यह है कि दुकानों में धीरे-धीरे अवैध कब्जे की शुरूआत हो चुकी है। बेघर, नशेड़ी और असामाजिक तत्व जैसे लोगों ने परिसर में अपना कब्जा जमाना शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर नशा करने वालों के लिए भी यह परिसर पहली पसंद बनता जा रहा है। शहर के हृदय स्थल पर उपलब्ध इस साफ-सुथरी जगह पर देर रात असमाजिक तत्वों व नशेड़ियों का जमावड़ा देखा जा सकता है। यह न केवल नगर निगम प्रशासन द्वारा परिसर की सुरक्षा की गंभीरता को दिखा रहा है, बल्कि पुलिस प्रशासन के लिए भी चैलेंज है।







**केन्द्रीय मंत्री की दो टूक, नेहरू नगर डिवीजन के अंतर्गत मिल रही खामियां**

# बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर नपेंगे अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के उपभोक्ताओं को लगातार हो रही बिजली समस्या को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिया है। मंत्री ने शिकायतों की पुनरावृत्ति होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर की बात कही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि उन्हें लगातार लोगों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं, साथ ही समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों और लोगों के फोन कॉल्स के बाद उन्होंने अधिकारियों को बुलाकर जवाब तलब किया। बैठक में मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के फोन कॉल रिसीव नहीं करने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते है। मेंटेनेंस कार्यों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करें और दोबारा बिजली बंद नहीं हो इसका प्रयास किया जाना जरूरी है। रखरखाव के बाद भी लंबे समय तक बिजली बाधित क्यों हो रही है, भविष्य में ऐसी स्थिति को रोकने क्या योजना बनाई गई है। जिसपर अधिकारियों ने आंधी-तूफान और कुछ तकनीकी खामियों को बिजली बाधित होने का कारण बताया है। इस पर मंत्री ने कहा कि इन समस्याओं को तत्काल दूर किया जाए और ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि उपभोक्ताओं को शिकायत का मौका न मिले। उन्होंने वर्तमान में 15-18 घंटे तक बिजली बंद रहने की स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण कहा है।

- अधिकारियों ने एक बार फिर वाहन और स्टाफ की कमी को बताया देरी की वजह

### इन क्षेत्रों में बंद रही बिजली

रविवार को भी बिजली सप्लाई बाधित रही, शनिवार को भले ही जैसे तैसे लाइन शुरू कर दी गई लेकिन रविवार को एक बार फिर नेहरू नगर जोन कार्यालय द्वारा मिलन चौक, कुदुदंड और मंगला क्षेत्र में मरम्मत कार्य किया गया है। जिसके चलते 2 से 3 घंटे बिजली बंद रही। इसके साथ ही गांधी चौक, डीपूपारा, विनोबा नगर क्षेत्र में भी दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान बिजली विभाग ने खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर सप्लाई शुरू की है। करबला, मसानगंज, हर्षा विहार, जैसे क्षेत्रों में भी बिजली की आंखमिचौली जारी रही।

### की जाएगी कार्रवाई

गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू होने जा रहा है, लेकिन बिजली की लचर व्यवस्था लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन रही है। अधिकारी लोगों की शिकायत नहीं सुन रहे है, यह बात हमारे तक पहुंच रही है। अधिकारियों को फटकारे हुए कहा गया है कि आज और अभी से बिजली व्यवस्था में सुधार दिखना चाहिए। भविष्य में शिकायतों की पुनरावृत्ति हुई तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

**- तोखन साहू**, केंद्रीय राज्य मंत्री

### ईडी ने ली फ्यूज कॉल व मेंटनेंस ठेकेदारों की क्लास

दो दिन पहले बिजली अधिकारियों की क्लास लेने के बाद रविवार को ईडी एके अम्बस्ट ने फ्यूज कॉल व मेंटनेंस ठेकदारों की तिफरा स्थित कार्यालय में बैठक ली। इस दौरान लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को नसीहत दी और काम में सुधार करने की बात कहीं है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार थोड़े से पैसे बचाने के लिए बिजली बंद के दौरान लापरवाही बरत रहे है, साथ ही कई बार देखा गया है कि आपरेटर सेंटरों में मौजूद नहीं हो रहा है,जिसके बाद से विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसे में ईडी ने हर हाल में 24 घंटे आपरेटर की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

**शासन की पहल करने के बाद एटीआर प्रबंधन ने बनाई योजना**

# विलुप्त गिद्धों का संरक्षण करने बनाई योजना, कागजों में बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विलुप्त हो रहे गिद्धों की प्रजातियों को संरक्षण करने के लिए शासन की पहल करने के बाद एटीआर प्रबंधन ने भी योजना बनाई। यह योजना एटीआर सहित राज्य के सभी प्रमुख टाइगर रिजर्व और जू के लिए तैयार कर ली गई, लेकिन अब तक यह योजना धरातल पर नहीं आ सकी है।

गिद्धों के व्यवहार और रहवास के संबंध में स्पष्ट और प्रमाणित जानकारी प्राप्त करने के लिए पहली बार गिद्धों को जीपीएस टैगिंग करने की अनूठी पहल शुरु की गई। एटीआर प्रबंधन के अनुसार देश में पाई जाने वाली गिद्धों की 9 प्रजातियों में से तीन प्रजातियों पर संकट मंडरा रहा है। इन 9 प्रजातियों में से 7 प्रजातियां हिमालयन ग्रिफॉन, यूरोशियन ग्रिफॉन, सिनरस जैसी प्रवासी प्रजातियां व लंबी चोंच वाले गिद्ध, सफेद पूंछ वाला राज गिद्ध और इजीप्शियन गिद्ध जैसे प्रवासी प्रजातियां वर्तमान में पाई जाती हैं। सफेद पूंछ वाला गिद्ध जिप्स बेंगालेंसिस, भारतीय



गिद्ध जी इंडिकस और पतली चोंच वाले गिद्ध जी टेन्यूरोस्ट्रिस की आबादी में 1990 के दशक के मध्यम तेजी से गिरावट आई है। इसी तरह अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी दो प्रजातियों लांग बिल्ड वल्चर और इंडियन वल्चर के 50 से अधिक गिद्ध हैं, जो एटीआर के औरापानी में विचरण करते रहते हैं। इन दोनों प्रजातियों के गिद्धों पर एटीआर के कर्मचारी लगातार निगरानी रखते हैं, लेकिन कभी-कभी गिद्ध इधर-उधर भटककर भी चले जाते हैं। इसकी वजह से उन्हें खोजबीन करने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गिद्धों को जीपीएस सिस्टम टैग लगाने का निर्णय लिया था।

### टैग विदेश के

प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में फारेस्ट कंजर्वेशन पर प्रोजेक्ट एटीआर में चल रहा है। इसके तहत गिद्ध को प्लेटफार्म टर्मिनल के लिए टैग से ट्रैकिंग करने के लिए जीपीएस सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया है, जिसे विदेश से मंगाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए गोव्हर्मेंट आफ इंडिया से अनुमति लेनी पड़ती है, जिसमें एटीआर प्रबंधन को एनओसी प्राप्त हो गई है। अब केवल गोव्हर्मेंट आफ इंडिया की संस्थान डीजीएफटी की अनुमति लेनी बाकी है।

### 7 प्रजातियों के 490 से अधिक गिद्ध

वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व के लोरमी बफर के औरापानी क्षेत्र के 100 किलोमीटर के दायरे में 7 प्रजातियों के करीब 490 से अधिक गिद्धों की संख्या है। प्रदेश में एटीआर पहला गिद्ध के संरक्षण और संवर्धन का क्षेत्र है, जहां इसके स्थापना हेतु प्रोजेक्ट का संचालन किया गया है। इसके अलावा गिद्धों की मानिटरिंग के लिए स्थानीय ग्रामीणों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### अभी नहीं हुआ शुरु

प्रदेश स्तर पर एटीआर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि यहां औरापानी जैसे क्षेत्र में गिद्धों के संरक्षण क्षेत्र स्थापना हेतु प्रोजेक्ट का संचालन किया गया है। गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उन्हें टैग लगाने का काम होगा। इसके लिए राज्य स्तरीय सम्मेलन भी हुआ था, जिसमें एटीआर के अलावा इंद्रावती, गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व के अतिरिक्त जिस जिस स्थान पर गिद्ध पाए जाते हैं वहां के अधिकारी के साथ बीएनएचएस, डब्लूडब्लूएफ, डब्लूडब्लूई के वरिष्ठ विशेषज्ञ भी शामिल थे। गिद्धों के संरक्षण के लिए चर्चा के बाद प्लान भी बने, लेकिन यह योजना अब तक शुरु नहीं हो सकी है।

**- यूआर गणेश**
डिप्टी डायरेक्ट, एटीआर

# मौसम में बदलाव, पारा 5 डिग्री घटा, गर्मी से राहत

**बिलासपुर।** बीते शनिवार की शाम से बदले मौसम के मिजाज का असर देखने को मिल रहा है, रविवार को भी सुबह से खीली धूप रही, लेकिन तापमान में इजाफा नहीं हो सका। इस दौरान दिन भर हवाएं चलती रही, जिसके असर के कारण पारे में 5 डिग्री की कमी देखी गई और अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 5 दिनों तक मौसम में उतार चढ़ाव देखा जा सकता है।

प्रदेश में द्रोणिका का प्रभाव देखा जा रहा है, विदर्भ से छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश व बंगाल तक चक्रवाती परिसंरखण का प्रभाव है। जिसके चलते प्रदेश में तेजी से मौसम बदला हुआ है और आने वाले 5 दिनों तक गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने की आशंका बनी हुई है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। राहत की बता यह है कि इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### मौसम विभाग ने किया अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बिजली गिरने और बारिश की भी संभावना है। ऐसे में लोगों को खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है। दिन के दौरान गरज-चमक, धूलभरी आंधी या बारिश होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### पृथ्वी पर जीवन की संभावनाएं इसके पर्यावरण की वजह से है



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ हेमन्त पाल घृतलहरे ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास शिमला, हिमाचल प्रदेश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानविकी एवं समाज विज्ञान विषयों के अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र में सह-अध्येता के रूप में उपस्थित रहे। तीसरे सत्र में डॉ . घृतलहरे ने एंथ्रोपोसिन युग का पर्यावरण संकट और इक्कीसवीं सदी की हिन्दी कविता में उसका प्रतिपाठ शीर्षक से शोध कार्य पूरा किया और इस विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण देने के पश्चात शोध पत्र जमा किया। उनके प्रस्तुतीकरण सत्र की अध्यक्षता भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के टैगोर अध्येता प्रो. ओमप्रकाश शर्मा ने की। डॉ घृतलहरे ने अपने शोध प्रस्तुतीकरण में कहा कि पृथ्वी पर जीवन की संभावनाएं इसके पर्यावरण की वजह से है, इसकी पारिस्थितिकी जीवन के अनुकूल है। आज के इस उत्तर-आधुनिक युग में जहां भूमंडलीकरण के आँचल में बाजारवाद, पूंजीवाद, उदारीकरण, निजीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, नगरीकरण, प्रदूषण आदि फल-फूल रहे हैं, वहीं सारे साधनों और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अत्यंत तीव्र गति से हो रहा है। आज लाभ, लोभ और लूट की संस्कृति ने न केवल मनुष्य का शोषण और दुरुपयोग किया है, बल्कि जल, जंगल, जमीन, नदी, पहाड़, जीव-जंतु, पशु-पक्षी समेत समूची पृथ्वी और इसके जैविक-अजैविक घटकों को बुरी तरह से नुकसान पहुँचाया है। मानव ने विकास के नाम पर या अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जाने-अनजाने कुछ ऐसे कदम उठाए हैं, जिनका स्थायी प्रभाव पृथ्वी के पर्यावरण और पारिस्थितिकी पर पड़ा है और लगातार पड़ रहा है।

### डीपी कालेज में मना प्रो. रामनारायण शुक्ला का अवतरण दिवस



**बिलासपुर।** डीपी विप्र कालेज के पूर्व प्रशासन समिति के अध्यक्ष प्रो रामनारायण शुक्ला का अवतरण दिवस मनाया गया। उनका जन्म 30 मई 1928 को हुआ था। इस अवसर पर स्व. शुक्ला के चलचित्र पर प्रिंसिपल डॉ अंजू शुक्ला, डॉ.मनीष तिवारी, डॉ एम एस तंबोली, डॉक्टर निधिश चौबे, डॉ आशीष शर्मा, डॉ किरण दुबे, डॉ यूपेश कुमार, डॉ हेलिसियन कांत ने पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किया। प्रोफेसर रामनारायण शुक्ला छत्तीसगढ़ी साहित्य के गौरव थे। उनका जीवन आकर्षक और संतुलित था। महाविद्यालय के प्रारंभिक काल में शुक्ला का उत्साह,लगन और सहनशीलता देखते बनती थी। उनके सतत प्रयास से 11 सितंबर 1969 में मध्यप्रदेश शासन से डीपी विप्र कॉलेज को मान्यता मिली।संस्थापक प्राचार्य एवं 1990 से 2017 तक वे प्रशासन समिति के अध्यक्ष रहे। यह अवधि सर्वाधिक उन्नति का काल रहा। उनके इस काल को महाविद्यालय का स्वर्ण युग की कहा जाए तो कोई अतिशयोक्त नहीं होगी।

### झेरिया यादव समाज के पदाधिकारियों के सम्मान के लिए बैठक



**बिलासपुर।** झेरिया यादव समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान के लिए 31 मई रविवार को राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण, नूतन कॉलोनी स्थित झेरिया यादव सामाजिक भवन में प्रदेश स्तरीय चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों एवं पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित करने बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पदाधिकारी एवं समाज के प्रमुख लोग सम्मिलित हुए। इसमें जिलाध्यक्ष दीपक यादव, उपाध्यक्ष राम यादव, नगर अध्यक्ष ओंकार यादव, मीडिया प्रभारी परदेशी यादव व जीवन यादव (धौरा भाठा) शामिल हैं। इसके अलावा अन्य प्रमुख सदस्यों में महेश यादव, नंद कुमार यादव, नंदलाल यादव, एल.आर. यादव, सौरभ यादव, मनी राम, प्रकाश, पुन्नी राम, दीपक यादव, संतोष यादव, राज कुमार, शंकर, केके यादव, रामचंद्र, लक्ष्मी नारायण, अर्जुन और दीपक राम शामिल हैं। वहीं महिला प्रकोष्ठ से दीपा यादव, सरिता यादव, ईश्वरी यादव, कविता (महेश), संजू, सूरज, अहिल्या, सरिता और राही मौजूद थे।

### उत्कर्ष योजना के तहत आवेदन 20 जून तक

**बिलासपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2026-27 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी को अपने विद्यालय में 20 जून तक आवेदन जमा करना होगा। प्रवेश के लिए 26 जुलाई तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## निधन

### सुरेंद्र पाण्डेय



**बिलासपुर।** विजयापुरम निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी सुरेंद्र पाण्डेय (मुन्ना भैया) का 31 मई को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सौरभ पाण्डेय के पिता थे।

### प्यारी बाई यादव



**बिलासपुर।** जय हिन्द नगर आवास पारा रोड सिरगिट्टी निवासी प्यारी बाई यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मई को बन्नाक चौक स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. खेमलाल यादव की पत्नी, मनहरण और सोनू यादव की माता थीं।

### जिला उद्योग संघ के शपथ ग्रहण समारोह में उद्योग मंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

# नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में निवेश और रोजगार को मिली गति: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश की नई औद्योगिक नीति के कारण छत्तीसगढ़ में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। अब तक लगभग 1800 नए उद्योगों के साथ अनुबंध किए जा चुके हैं, जिनसे 42 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। साथ ही 50 से 60 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में आया है। यह बात उद्योग, वाणिज्य, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिला उद्योग संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, अति विशिष्ट अतिथि तथा छत्तीसगढ़ लघु एवं उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन जिला उद्योग संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के महा-माला से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद शपथ अधिकारी हरीश केडिया ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष सतीश शाह, महासचिव शरद सक्सेना सहित उपाध्यक्षों एवं सचिवों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।






### केडिया ने उठाए औद्योगिक अधोसंरचना के मुद्दे

छत्तीसगढ़ लघु एवं उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने अपने उद्बोधन में तिफरा स्थित सेक्टर "डी" में लगभग 300 मीटर सड़क निर्माण लंबित रहने के कारण औद्योगिक क्षेत्र के अधूरे विकास का मुद्दा उठाया। उन्होंने सीपत रोड स्थित सेलर के पास विकसित नए औद्योगिक क्षेत्र को मुख्य मार्ग से जोड़ने की आवश्यकता भी बताई तथा इसके लिए आवश्यक पहल किए जाने का प्रस्ताव रखा।

### नई नीति में छोटे-बड़े सभी उद्योगों को प्रोत्साहन

मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में छोटे, मध्यम और बड़े सभी प्रकार के उद्योगों को सब्सिडी एवं विभिन्न प्रकार की रियायतें प्रदान की जा रही हैं। पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने वालों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के उद्यमियों के लिए भी विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि उद्योग स्थापना और संचालन से संबंधित लगभग सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है, जिससे उद्योगपतियों को पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

### उद्योग संघ मेरा परिवार हरसंभव सहयोग

अति विशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पथरिया सहित दो अन्य नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना हो चुकी है। उन्होंने उद्योग संघ से इन क्षेत्रों का भ्रमण कार्यक्रम बनाने का आग्रह किया। श्री कौशिक ने कहा कि उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान के लिए वे स्वयं उद्योग मंत्री के साथ रायपुर में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्योग संघ उनके परिवार की तरह है और उद्योगों के विकास के लिए वे सदैव सहयोग को तैयार हैं।

### उद्योग विकास में सहयोगियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में उद्योग संघ की गतिविधियों में सहयोग देने वाले उद्योगपतियों का सम्मान किया गया। साथ ही सदस्यता अभियान के तहत 10 से अधिक तथा 3 से अधिक नए सदस्य जोड़ने वाले उद्योगपति साथियों को भी सम्मानित किया गया।समारोह में जिला उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सुनील मरदा, अनिल अग्रवाल, जितेंद्र गांधी, चंद्रकांत भट्ट, अनिल सलूजा सहित उपाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, एन.एस. राजू, नवनीत अग्रवाल तथा 100 से अधिक उद्योगपति उपस्थित रहे।

# अंचल के विकास के लिए 4 सी एयरपोर्ट जरूरी रायपुर तक सिमटा सरकार का ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य स्थापना के बाद भी बिलासपुर आंचल में विकास की रफ्तार धीरे होने पर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एयरपोर्ट विकासित नहीं होने को जिम्मेदार बताया है। समिति ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार को समझना होगा कि बिलासा एयरपोर्ट को विकसित किए बगैर अंचल का समग्र विकास अधूरा है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि पिछले 25 सालों में हर बड़ी संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी, लॉ यूनिवर्सिटी सभी रायपुर में स्थापित किए गए। विकास का क्रम ऐसा बनाया गया कि छत्तीसगढ़ में होने वाला अधिकतम पूंजी निवेश रायपुर तक सिमटा रहा है। राजधानी के विकास के लिए 12 हजार करोड़ की मेट्रो रेल परियोजना शुरू की जा रही है, राज्य सरकार और केंद्र सरकार का पूरा फोकस रायपुर और इसके आसपास के क्षेत्र में हो रहा है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने कहा कि 2001 में बिलासपुर में अपोलो अस्पताल किया गया, इसके बाद 25 साल में मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया गया है, लेकिन यहां ना डाक्टर है और ना अबतक मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। केवल 11 मंजिल की बिल्डिंग बनकर तैयार है,ओपीडी में भी डाक्टर मौजूद नहीं होते है। बिलासपुर की बजाय रायपुर, दुर्ग, भिलाई क्षेत्र में ही अपना निवेश कर किया जा रहा है, यही कारण है कि वेदांता कैंसर, इट्सा और आईएलएसए जैसे अस्पताल रायपुर में खुल चुके है। अब मेदांता ने भी यह घोषणा की है कि वह भी रायपुर में अस्पताल बनाएगा। रायपुर में तीन फाइव स्टार होटल खुल चुके हैं जबकि बिलासपुर में अभी भी कोर्टयार्ड मैरियट के अलावा कोई अच्छा होटल नहीं है। बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट नहीं होना, इसका एक मात्र कारण है। 176000 करोड रुपए के सालाना बजट वाले राज्य में बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए 500 करोड़ रूपया सरकार नहीं निकाल पा रही है, यह बिलासपुर का दुर्भाग्य है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महाधरने में रवि बनर्जी, शिरीष कश्यप, परसराम कैवर्त, समीर अहमद, जसवीर सिंह चावला, मनोज श्रीवास, संतोष पीपलवा, विभूतिभूषण गौतम, केशव गोरख, प्रकाश बहरानी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अमर बजाज, सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।



# आत्मानंद स्कूलों में 3 हजार पदों की भर्ती पर रोक, राज्य स्तर पर केन्द्रीकृत होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। अब टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के करीब 3 हजार पदों पर नियुक्तियां राज्य स्तर पर केन्द्रीकृत आयोजित की जाएंगी। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय को परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही डीपीआई ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में जिला स्तर पर चल रही संविदा भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है।

परीक्षा के बाद राज्य स्तर पर मैरिट लिस्ट तैयार होगी, जिसे संबंधित जिलों को भेजा जाएगा। इसी मैरिट के आधार पर उम्मीदवारों को नियुक्ति दी जाएगी। इस संबंध में सभी कलेक्टरों, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्वामी आत्मानंद विद्यालय समिति के अध्यक्षों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दरअसल 16 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है। इससे पहले शिक्षा विभाग ने भर्ती प्रक्रिया में एकरूपता लाने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए केंद्रीयकृत भर्ती व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है। हालांकि जानकारी के मुताबिक जिला स्तर पर आयोजित होने वाली संविदा भर्ती परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग को लगातार अनियमितताओं और गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही थीं। कई जिलों से चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाव उठाए गए थे। इन्हीं शिकायतों को देखते हुए राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को केंद्रीकृत करने का निर्णय लिया है, ताकि पूरे प्रदेश में एक समान मानकों के आधार पर चयन किया जा सके। भर्ती प्रक्रिया स्थगित होने के बाद अब नए सिरे से परीक्षा कैलेंडर जारी किए जाने की चर्चा है। संभावना जताई जा रही है कि संचालनालय जल्द ही केंद्रीयकृत भर्ती परीक्षा की रूपरेखा, पात्रता, परीक्षा तिथि और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर सकता है।

### कलेक्टरों के जरिए नहीं होंगी नियुक्तियां

गौरतलब है कि अब तक आत्मानंद स्कूलों में संविदा नियुक्तियां जिला स्तर पर कलेक्टरों की निगरानी में की जाती थीं। अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद कलेक्टरों के माध्यम से होने वाली भर्ती प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र भेजकर वर्तमान भर्ती प्रक्रियाओं रोकने कहा है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने से उन हजारों अभ्यर्थियों को फिलहाल इंतजार करना पड़ेगा, जो जिला स्तर पर होने वाली संविदा भर्तियों की तैयारी कर रहे थे।

### राज्य स्तर पर तैयार होगी मेरिट लिस्ट

डीपीआई ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में जिला स्तर पर चल रही संविदा भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। परीक्षा के बाद राज्य स्तर पर मैरिट लिस्ट तैयार होगी, जिसे संबंधित जिलों को भेजा जाएगा। इसी मैरिट के आधार पर उम्मीदवारों को नियुक्ति दी जाएगी। इस संबंध में सभी कलेक्टरों, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्वामी आत्मानंद विद्यालय समिति के अध्यक्षों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

# ज्येष्ठ नागरिक संघ के दीक्षित अध्यक्ष बने



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ का चुनाव 31 मई को कराया गया। इसमें अरविंद दीक्षित को अध्यक्ष चुने गए।

चुनाव अधिकारी डा प्रदीप शुक्ला, प्रकाश भादककर व शिव नारायण बाजपेयी ने शांति पूर्वक मतदान कराया। मतदान के पश्चात मतगणना की गई। इसमें 628 वरिष्ठ जनो में से 356 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए अरविन्द दीक्षित ने अनिल व्यास को 87 वोट से पराजित किया। श्री दीक्षित को 218 मत एवं अनिल व्यास को 131 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल दीवान, सचिव पद के लिए देवेन्द्र कुमार शर्मा ने सरला स्वर्णकार को 122 वोट से हराया। सह सचिव पद में बालगोविंद अग्रवाल ने 160 वोट से मेघा ताम्हने को हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रभात मिश्रा ने प्रकाश जोशी को 39 वोट से पराजित किया।

कार्यकारिणी सदस्यों में 17 लोग चुनाव मैदान में थे। इनमें से 10 सदस्य निर्वाचित हुए। इसमें प्रेमलता राजपूत, नित्यानंद अग्रवाल, यादवेन्द्र घर दीवान,जयश्री शुक्ला सतीश पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, अनिता दीवान, सुरेश कुमार शर्मा, निशेष वर्मा शामिल हैं।

### प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून तक

**बिलासपुर।** आईटीआई में सत्र शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें प्रवेश के लिए 15 जून अंतिम तिथि है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार विभिन्न ट्रेडों की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने का लिंक 29 मई से शुरू हो गया है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी 15 जून 2026 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन और चॉइस फिलिंग कर सकते हैं, तय समय-सीमा के भीतर आवेदक अपने फार्म में त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। प्रथम चरण की मेरिट और चयन सूची 16 जून को जारी होगी,जिसके तहत 23 से 25 जून तक प्रवेश लिए जाएंगे। इसके बाद द्वितीय चरण के प्रवेश 4 से 7 जुलाई और तृतीय चरण प्रवेश 13 से 15 जुलाई तक चलेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र नजदीकी आईटीआई या विभागीय हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह शासकीय आईटीआई बिल्हा में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए व्यवसाय कोपा, स्टेनोग्राफी हिंदी, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, डीजल मैकेनिक, वेल्डर एवं डीसीएम में प्रवेश के लिए 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# बच्ची को कुत्ता काटने पर दो पक्षों के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टी में घूमने आई बच्ची को पालुत कुत्ता ने काटकर जख्मी कर दिया, जिससे बच्ची के परिजन व कुत्ता मालकिन के बीच जमकर विवाद और मारपीट हो गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा कुंदरापारा निवासी अनिता कश्यप पति रामकृष्ण कश्यप के मौसी की लड़की काव्यांजली कश्यप 12 साल पिछले एक माह से गर्मी की छुट्टी में उनके घर आई हुई हैं। 23 मई की रात 9.30 बजे काव्यांजली घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी मेरिना जान की पालतू कुत्ते ने काटकर लहूलुहान कर दिया। अनिता ने कुत्ता मालकिन को इलाज कराने के लिए कहा तो उसने उनके साथ गाली गलौज कर रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। उसके बाद वे लोग काव्यांजली का जिला अस्पताल में इलाज करा रहे थे।

दूसरे पक्ष से मेरिना जान ने आरोप लगाया है। घटना के दिन वह घर के सामने कुत्ते को बिस्किट खिला रही थी। उसी दौरान आरती कश्यप व अमित कश्यप आपस में विवाद कर रहे थे। उनका हेलमेट गिरकर कुत्ता के पास गया। एक बच्ची हेलमेट उठाकर भाग रही थी तो कुत्ते ने उसे काट दिया। उसी बात को लेकर सोनू कश्यप, रामकृष्ण कश्यप ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की है।

पुलिस ने अनिता कश्यप की रिपोर्ट पर मेरिना जान, मेरी जान, मरीयम जान के खिलाफ बीएनएस की धारा 291, 296, 351, 3, 5 व मेरिना की रिपोर्ट पर सोनू कश्यप, रामकृष्ण कश्यप के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल लूटने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

झपट्टा मारकर एक युवक से मोबाइल लूटने वाले नाबालिग सहित दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पिछले दिनों लोखंडी ओवरब्रिज के पास बाइक सवार एक युवक के हाथ से एक्टिवा सवार दो लोग ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने लूटपाट करने वाले शुभम यादव उर्फ रामबाबू व एक नाबालिग को पकड़कर मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त एक्टिवा व चाकू बरामद कर लिया है।

### ट्रेनों के लेट लतीफी से अब अधिकारियों को भी समय पर परिचालन का नहीं है विश्वास

# बिलासपुर-हावड़ा के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस का परिचालन ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हावड़ा से मुम्बई के बीच चल रही ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री तो हलाकान हैं, वहीं ट्रेन में सफर करने वाले रेल अफसरों को भी समय पर परिचालन का विश्वास नहीं रह गया है। इसे देखते हुए अब बिलासपुर से हावड़ा और बिलासपुर से टाटा नगर तक एक वंदेभारत एक्सप्रेस चलाए जाने का प्रपोजल रेलवे बोर्ड को भेजा गया है, जो वर्तमान में ठंडे बस्ते में चला गया है।

रेलवे कभी भी अधोसंरचना के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द कर देता है या डायवर्ट करते हुए परिचालन करता है। इसके कारण ट्रेन में आरामदायक सफर करने की आस लिए महीनों पहले बुकिंग कराने वाले लाखों की संख्या में यात्री परेशान हो जाते हैं। पिछले 6 साल में ही रेल प्रशासन ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन, पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन, बिलासपुर से नागपुर के बीच तीसरी और चौथी लाइन सहित अन्य कार्य करने के लिए 7 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर लाखों यात्रियों का सफर केंसिल करा दिया है। यह सिलसिला वर्तमान में भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। रद्द ट्रेनों के साथ बिलासपुर आने वाली कोई भी ट्रेनें समय पर नहीं पहुंच पा रही है। खासकर हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी ऐसी हो गई है कि सुबह की ट्रेनें शाम को और शाम की ट्रेनें देर रात पहुंचने के कारण यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें संबंधित स्टेशन से पहले ही छूट जा रही है। इन सभी ट्रेनों में केवल एक ट्रेन वंदेभारत है, जो बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने के साथ ही समय पर दोनों स्टेशन के बीच चल रही है। यात्रियों के साथ दूसरी ट्रेन में सफर करने वाले रेल के अधिकारी और स्टाफ भी लेट लतीफी से कम परेशान नहीं हैं, जो अब बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस की तरह बिलासपुर से हावड़ा और बिलासपुर से टाटा के बीच एक नई वंदेभारत चलाने की मांग रेलवे बोर्ड से कर रहे हैं।



### भेजा गया है प्रपोजल

रेलवे बोर्ड ने वंदेभारत चलाने के लिए प्रस्ताव मांगा था, जिसपर बिलासपुर से हावड़ा के बीच और बिलासपुर से टाटानगर के बीच एक वंदेभारत का प्रपोजल भेजा गया है। इसके चलने से सभी को काफी राहत मिलेगी। इस मामले में अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

फोन : 07752-225177
फैक्स : 9179908908
ई-मेल : info@cmdpgcollege.in
वेबसाईट : www.cmdpgcollege.in

**कार्यालय प्राचार्य**
**सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा "B" ग्रेड प्राप्त)

क्रमांक/सी.एम.डी./766/2026 दिनांक : 31.05.2026

सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में कॉलेज कोड-28 के पार्ट-IV की धारा 16 एवं 17 (2) के प्रावधानानुसार निम्न विषयों के लिए उनके सामने दर्शाए गए संख्या में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति किया जाना है जो निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | पद | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) | 01 |
| 2 | सहायक प्राध्यापक (प्राणी शास्त्र) | 01 |
| 3 | सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर साइंस) | 01 |
| 4 | सहायक प्राध्यापक (बायोटेक्नोलॉजी) | 01 |
| 5 | सहायक प्राध्यापक (गणित) | 01 |
| 6 | सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) | 01 |
| 7 | सहायक प्राध्यापक (बायोकेमिस्ट्री) | 01 |
| 8 | सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) | 02 |

शैक्षणिक योग्यता/वेतनमान/अन्य शर्तें
1. उपरोक्त उल्लेखित सभी पदों के लिये यू.जी.सी./छ.ग. शासन/विश्वविद्यालय/प्रशासकीय समिति, सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के नियमानुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/वेतनमान दिया जायेगा।
2. बायोटेक्नोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री हेतु एलाएड विषय भी मान्य है।
3. शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में छ.ग. शासन के द्वारा जारी रोस्टर नियम का पालन किया जावेगा।
4. स्पीड/पंजीकृत डाक के माध्यम से विज्ञापन जारी होने की दिनांक से पन्द्रह (15) दिवस तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकेंगे।
5. अभ्यर्थी आवेदन में समस्त प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि, स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ्स के साथ कार्यालय प्राचार्य, सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में जमा करें।
6. नियुक्ति संबंधी सर्वाधिकार प्राचार्य, सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के पास सुरक्षित है तथा प्रकाशित पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्राचार्य
सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 1 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com


Whats App - 6263190692, 8305922255




आर्ट

## सीनरी की जगह 2डी-3डी म्यूरल्स वर्क का क्रेज





**बिलासपुर।** समय के साथ शहर में घर-आफिस ही नहीं, इनकी दीवारों को भी 2डी, 3डी म्यूरल वर्क से खास तरह की कला-कृतियों को सजाने में रुचि ले रहे हैं। इन दिनों कृष्ण-राधा, बांसुरी के साथ मोर पंख ज्यादा आर्डर करने लगे हैं। बड़े-बड़े संस्थानों में भी अब संस्थापकों की फोटो नहीं, बल्कि लोग उनकी 3डी पेंटिंग बनवाने लगे हैं। आर्टिस्टों की मानें तो शहर में पांच सौ से ज्यादा युवा अलग-अलग ग्रुप बनाने के बाद इसे स्टार्टअप के रूप में चला रहे हैं। इससे थ्रीडी कलाकारी के काम को पसंद किया जाने लगा है। शादी-सगाई के अवसर को खास बनाने के लिए लोग मैरिज हाल, फार्म हाउस, रेस्टोरेंट को ही नहीं, बल्कि घर-आफिस के साथ ही अतिथि कक्ष को भी थ्रीडी डिजाइन में हाइपर म्यूरल से अलग लुक देना पसंद कर रहे हैं। सरकारी कार्यालयों की वॉल पेंटिंग को अब थीम बेस्ड बनाने के लिए आर्टिस्टों को काम देने लगे हैं। बड़े होटलों में इंटीरियर डिजाइनर्स के माध्यम से कृतियों को तराशने के लिए आर्डर मिलने लगे हैं। स्टार्टअप के रूप में थ्रीडी वॉल पेंटिंग से जुड़े युवाओं को लेकर आर्टिस्ट ने बताया कि युवाओं को जोड़ने के बाद काम शुरू किया। अभी तक शहर में सैकड़ों घरों -आफिसों को कम बजट में पेंटिंग के जरिए अनोखा लुक दिया है। अपनी पसंद और स्पेस के अनुरूप बनवाने के लिए लोग आर्डर भी करते हैं। अभी थ्रीडी आर्ट में हायपर लुक का क्रेज है। प्राकृतिक सौंदर्य को लोग वॉल पेंडिग में थ्रीडी हायपर म्यूरल बनवा रहे हैं।

# राधा गोपाल भगवान के प्राक्ट्य उत्सव पर पूजन, महाभिषेक





राधा गोपाल सेवा सत्संग द्वारा भगवान श्री राधा गोपाल मनोहर लाल जू भगवान का 162 वां प्राक्ट्य उत्सव रविवार को लखीराम ऑडिटोरियम में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। इसमें भगवत भ्रमर अभिनव गोपाल शरण महराज के सानिध्य में सुबह 9 से 11 बजे तक पूजन कर महाभिषेक किया गया। इसमें अनेक श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर पुण्य लाभ लिया।

### भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति से माहौल रहा भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राधा गोपाल सेवा सत्संग के सदस्यों ने बताया कि स्नान पूर्णिमा के अवसर पर सभी भक्तों ने राजोपचार विधि से ठाकुरजी का महाभिषेक किया। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। आरंभ में दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद भगवत भ्रमर अभिनव गोपाल शरण महराज ने भगवान राधा गोपाल पर आधारित एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। वहीं अधिक मास के उपलक्ष्य में श्रीजी का फूल बंगला सजाया गया। गुलाब व मोंगरे के फूल से सजे इस फूल बंगला का उपस्थित लोगों ने अवलोकन कर दर्शन, पूजन किए। ठाकुरजी को 56 भोग के साथ ही महानैवेद्य मनोरथ लगाया गया। पदम पुराण के अनुसार महानैवेद्य से ठाकुरजी 1 हजार साल तक के लिए तृप्त हो जाते हैं। अंत में महाप्रसादी वितरित की गई।

### विधायक, महापौर ने लिया श्रवण लाभ

विधायक अमर अग्रवाल एवं महापौर पूजा विधानी ने भजन संध्या में शिरकत कर श्रवण लाभ लिया। वहीं जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, राजू गुप्ता, निकिता अग्रवाल, वैभव गुप्ता, महंत ताड़केश्वर पुरी की विशेष उपस्थिति रही।

आयोजन

## लायंस क्लब गोल्ड की नई कार्यकारिणी, शशि अध्यक्ष







**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी की गठन हेतु नॉमिनेशन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शशि बरेठ, सचिव लता गुप्ता, कोषाध्यक्ष बलजीत आज़मानी चुनी गईं हैं। इसका जगदीश सलूजा, नीरज अग्रवाल, शुभा सिंह, रीता बरसैया, फरहीन चिश्ती, संगीता बरसैया, प्रियंका जैन, चुन्नी मौर्य, बलजीत अजमानी, बिन्नी गंभीर, हरजीत कौर, रिम्पी होरा, डॉ गीतिका शर्मा, डॉ उषा, अन्नपूर्णा तिवारी सहित अन्य सभी सदस्यों ने नई टीम का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

# हनुमान मंदिर में 1101 पार्थिव शिवलिंग का महाभिषेक

### पुरूषोत्तम मास के 15 दिन पूर्ण होने पर विशेष आयोजन





**बिलासपुर।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मिशन हास्पीटल रोड में रविवार को पुरूषोत्तम मास के 15 दिन पूर्ण होने पर आचार्य प्रेमकांत मिश्रा के सानिध्य में 1101 पार्थिव शिवलिंग का महाभिषेक किया गया। अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आज की पूजा के मुख्य यजमान वीरेंद्र वर्मा परिवार 27 खोली रहे।

आचार्य प्रेमकांत मिश्रा ने बताया कि पुरूषोत्तम मास के उपलक्ष्य में विगत 17 मई से प्रतिदिन 1101 पार्थिव शिवलिंग बना कर पूजन, अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया जा रहा है। वहीं लड्डू गोपाल व शालीग्राम का भी अभिषेक हो रहा है। भगवान शिव का 108 बेलपत्र से अर्चन तो लड्डू गोपाल का तुलसी अर्चन किया जा रहा है। आज रविवार को पुरूषोत्तम मास के 15 दिन पूर्ण होने पर पार्थिव शिवलिंग का विशेष पूजन कर दूध, दही, शक्कर, शहद से अभिषेक किया गया। अंत में महाआरती कर भोग लगाए गए। उन्होंने बताया कि अब तक 17 हजार पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया जा चुका है। अभिषेक का यह क्रम पुरूषोत्तम मास के समापन 15 जून तक चलते रहेगा। समापन पर 15 जून को 11000 पार्थिव शिवलिंग का महा रूद्राभिषेक किया जाएगा। विशाल भण्डारा होगा। जिसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### ब्राम्हणों को कराया गया भोजन

आचार्य पं. मिश्रा ने बताया कि पुरूषोत्तम मास का विशेष महत्व होता है। इस महत्ता को देखते हुए विगत 28 मई को 35 ब्राम्हण-ब्राम्हणी के जोड़ों को भोजन कराया गया था।



## पंच महायज्ञ से व्यक्ति बन जाता है महान

**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग में अन्विती आर्या एवं अनन्या देवांगन ने वेद मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां देकर अपना जन्मदिन मनाया और कहा कि हमारी संस्कृति पूर्वजों के पद चिन्हों पर चलना है। हमारे पूर्वज संध्या, हवन करते थे। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि पंच महायज्ञ करने से व्यक्ति महान बन जाता है।

हवन के बाद आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने दोनों बेटियों को एक भजन के माध्यम से आशीर्वाद दिया। आचार्य श्री शास्त्री ने बताया कि श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्री श्रवण, श्री हनुमान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी आदि हमारे पूर्वज थे और ये सभी महान थे। महान बनने के पांच कार्य जिसे महर्षि दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में बताया है, पांच महायज्ञ है। हमारे पूर्वज इन पांच महायज्ञों को प्रतिदिन करते थे इसलिए वे महान थे। हमने इन कार्यों व पूर्वजों की परंपरा को छोड़ दिया है इसलिए महानता की ओर नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहला ब्रह्म यज्ञ अर्थात ईश्वर भक्ति है। हमारे पूर्वज सुबह-शाम संध्या वंदना करते थे। माता-पिता की सेवा व अतिथियों, आचार्यों, विद्वानों का सम्मान करेंगे। जो हमारे आश्रित जीव जंतु है उनकी रक्षा और सुरक्षा करेंगे।

कार्यक्रम

## आध्यात्मिक व्याख्यानमाला ग्रीष्मकालीन योग शिविर

**बिलासपुर।** आर्य समाज में चल रहे आध्यात्मिक व्याख्यान माला एवं दयानंद सेवा धाम अशोक नगर में चल रहे वीरांगनाओं का ग्रीष्म कालीन योग एवं चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समारोह सम्पन्न हुआ। विगत सप्ताह भर से चल रहे आध्यात्मिक व्याख्यानमाला में मुम्बई से पधारे आचार्य अरूण कुमार आर्यवीर द्वारा मानव के आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति के विभिन्न वैदिक सूत्र वेद मंत्रों की व्याख्या के साथ जनमानस को बड़े ही सरल तरीके से समझाया गया साथ ही वीरांगनाओं को उत्तम चरित्र निर्माण की प्रेरणा दी गई। योगाचार्य वेद कुमार आर्य द्वारा शारीरिक उन्नति एवं आरोग्यता के लिए योग आसन व्यायाम के साथ ही आत्म रक्षा के उपाय लाठी, तलवार चालना, जूडो-कराटे सिखाएं गए। शिविर का समापन समारोह अशोक नगर स्थित दयानंद सेवा योग धाम में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर डॉ हरिभाई आर्पन, योगाचार्य एवं प्राकृतिक चिकित्सक मंगला के साथ पार्षद रेखा ओमप्रकाश पाण्डेय अतिथि के रूम उपस्थित होकर शिविरार्थी बच्चों को पुरस्कार वितरण किए।

# कीर्तन प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अकाल पुरख की फौज द्वारा प्रदेश स्तरीय कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुद्वारा गोबिंद नगर पंडरी में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों करीब 100 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें बिलासपुर से भी 14 बच्चों ने भाग लिया था बिलासपुर से भाग लिए बच्चों में जूनियर वर्ग से तीसरे स्थान में जसलीन कौर, नीर वैर कौर एवं दूसरे स्थान में एशलीन कौर को प्राप्त हुआ।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में प्रदेश से सिख समाज गुरुद्वारे में कीर्तन सुनने पहुंचे। अकाल पुरख की फौज के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, परविंदर सिंह भाटिया, जगजीत सिंह,प्रितपाल सिंग होरा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, अकाल पुरख की फौज के जिला अध्यक्ष बलजीत सिंह गंभीर, महासचिव जसवीर सिंह गांधी, अमनदीप सिंह होरा,जसमीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# नशे के दुष्प्रभावों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ प्रभु दर्शन भवन एवं शिव अनुराग भवन में आयोजित रविवारीय विशेष सत्संग में मंजू दीदी ने परमात्म महावाक्य सुनाया। साथ ही तंबाकू सहित अन्य नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। राजयोग मेडिटेशन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

दीदी ने कहा कि नशा छोड़ने के लिए केवल संकल्प पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके लिए मन की शक्ति और आत्मिक जागृति भी आवश्यक है। जिसे राजयोग के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। जब व्यक्ति स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से शक्ति प्राप्त करता है, तब वह कमजोरियों, बुरी आदतों और नशे जैसी बंधनों पर सहज विजय प्राप्त कर सकता है। तंबाकू शरीर को अनेक गंभीर बीमारियों की ओर ले जाता है, जबकि राजयोग मन को शांति, स्थिरता और सकारात्मकता प्रदान करता है। तनाव, चिंता और मानसिक दबाव नशे की ओर ले जाने वाले प्रमुख कारण हैं, लेकिन राजयोग व्यक्ति को इन परिस्थितियों से ऊपर उठकर आत्मविश्वास और आत्मबल के साथ जीवन जीना सिखाता है।

धर्म-क्षेत्र

## इच्छा पूरक 40 दिवसीय जपजी साहेब अखंड पाठ का समापन



**बिलासपुर।** इस वर्ष भी सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग दरबार में इच्छा पूरक 40 दिवसीय 5 जपजी साहिब का अखंड पाठ का समापन हुआ। कल्याण दरबार के प्रमुख भाई साहब जसकीरत सिंह ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की।

पाठ का शुभारंभ 17 अप्रैल से हुआ था। इस पांचश्री जपजी साहिब के अखंड पाठ में 24 घंटे पाठ किया गया। जिसमें शहर के अनेक श्रद्धालु भक्तों ने अपनी सेवाएं दी। इसी कड़ी में प्रातः 5 बजे श्रद्धालुओं के साथ मिलकर सुखमनी साहिब का भी पाठ किया गया। साध संगतों ने इस पाठ में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। शिमला से आए भाई गुरप्रीत सिंह व नवसारी गुजरात से आए भाई सन्नी मूलचंदानी ने संगत को सत्संग कीर्तन से निहाल किया। गुरु का दीवान भी सजाया गया। यह अखंड पाठ निरंतर 40 दिन तक चला। इसका समापन कल्याण से आए भाई जसकीरत सिंह ने किया। कल्याण दरबार से भाई त्रिलोचन सिंह दर्शन दीदार के लिए आए हुए थे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में दरबार के सभी सेवादारों का सहयोग रहा।

स्पोर्टर्स न्यूज

### छॉलीवुड प्रीमीयर लीग का शुभारंभ

# खेल से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संस्कारों को दुनिया में पहुंचा रहे



**बिलासपुर।** राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में छॉलीवुड प्रीमीयर लीग का शुभारंभ हुआ, इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों, तकनीशियनों एवं कला जगत से जुड़े अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। श्री साव ने छत्तीसगढ़ के समस्त कलाकारों से कहा कि यह सबसे बेहतर चीज है की कला संस्कृति के साथ खेल को भी आगे बढ़ना सारी फिल्म इंडस्ट्री के लिए उन्होंने आशीर्वाद स्वरुप कहा कि अपने खेल से हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संस्कारों को दुनिया में देश में पहुंचा रहे हैं और सभी को खिलाड़ियों को बहुत सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्षा मोना सेन ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। धरसीवा विधायक एवं प्रसिद्ध कलाकार अनुज शर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की तथा एक खिलाड़ी के रूप में मैदान में उतरकर सभी का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में प्रकाश सोंथालिया द्वारा जैविक किसानो द्वारा उपज का स्टाल लगाया केमिकल भोजन से हो रही गंभीर बीमारी से अवगत कराते हुए लोगो को जैविक खेती से उत्पन्न रसायन मुक्त आहार घर घर पहुँचाने और जैविक किसानो का सहयोग करने कहा। पौधरोपण कर बढ़ती गर्मी के लिए पेड़ और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रत्येक नागरिक को वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए कहा कार्यक्रम में एकता ब्लड बैंक और सहयोगी एरीना मल्टीमीडिया द्वारा रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया। विगत 3 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के तमाम कलाकार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों का गठन किया जाता है, जिनका चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से होता है। इन सभी टीमों के बीच एक सप्ताह तक रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जाते हैं। टूर्नामेंट के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, उपाध्यक्ष क्रांति दीक्षित, सचिव रवि साहू एवं कोषाध्यक्ष मन कुरैशी, पुष्पेंद्र सिंह हैं।

## 55 रेफरी व प्रशिक्षकों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र



तीन दिवसीय रेफरी सेमीनार और रिफ्रेशर कोर्स के समापन कार्यक्रम के दौरान राज्य के प्रशिक्षक और अंतरराष्ट्रीय रेफरी का सम्मान सहित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रदेश के 10 जिलों से कुल 55 रेफरी एवं प्रशिक्षकों ने भाग लेकर ताइक्वांडो खेल के नवीनतम नियमों, तकनीकी पहलुओं, रेफरी संचालन प्रणाली तथा प्रतियोगिता प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। सेमिनार के अंतिम दिवस आयोजित मूल्यांकन परीक्षा के परिणामों की घोषणा करते हुए मास्टर सुंदरमनी पटेल ने बताया कि 10 प्रतिभागियों ने ए ग्रुप, 15 प्रतिभागियों ने बी ग्रुप और 30 प्रतिभागियों ने सी ग्रुप में स्थान प्राप्त किया। रामपुरी गोस्वामी ने बताया कि रविवार को त्रिवेणी भवन में आयोजित समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि पूजा विधानी ने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी एवं प्रशिक्षण आधारित आयोजन खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नेशनल बास्केटबाल चैम्पियन बनी टीम का स्वागत



छत्तीसगढ़ की बालिका बास्केटबॉल टीम ने पुद्दुचेरी में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित जुनियर नेशनल बास्केटबॉल में केरल को 55-51 अंको से परास्त कर स्वर्ण पदक जीता था। टीम की वापसी पर खिलाड़ियों बास्केटबॉल कोच कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव का स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ टीम ने सेमीफाइनल में कर्नाटक की टीम को 67-62 को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की टीम ने महाराष्ट्र की टीम को 56-44 अको से पराजित किया। लीग मैचेस में छत्तीसगढ़ की टीम ने पिछले कई वर्षों से लगातार गोल्ड मेडल जीत रही तमिलनाडु और कर्नाटक को परास्त किया था। प्रतियोगिता में दिव्या रंगारी, रूमी कोनवर, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, अंजनी, सोफी सिका, एवं नंदनी माधो प्रधान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने 14 वर्षो के बाद स्वर्ण पदक जीता है। टीम में अंजली कोडापे कप्तान, अदिति कोडापे, अंजनी, रूमी कोनवर, सोफी सिका, नंदनी माधो प्रधान, नताशा प्रजापति, दिव्या रंगारी, पारूल वर्मा और नित्या पांडे, कलश झा, सारा सिंह, कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच लुमेन्द्र साहू एसईसीआर, मैनेजर अनिता तिर्की थे।



# शेखर ने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की जताई मंशा

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर शेखर कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि इस फिल्म में दिग्गज संगीतकार एआर रहमान संगीत देंगे।

अब शेखर कपूर ने युवा क्रिकेटर और नई सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने वैभव को अपनी फिल्म में लेने की भी मंशा जताई। शेखर कपूर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के फैन बन गए। शेखर कपूर ने आज अपने एक्स अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी की एक तस्वीर साझा की। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'अगर सूर्यवंशी इतने शानदार क्रिकेटर न होते, तो मैं उन्हें अपनी फिल्म 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' में ले सकता था।'' मासूमः द न्यू जेनरेशन' शेखर कपूर की ही 1983 में आई फिल्म 'मासूम' का सीक्वल है। 'मासूमः द न्यू जेनरेशन' आधुनिक दृष्टिकोण से पहचान, परिवार, प्यार और माइग्रेशन के बदलते विचारों को दिखाएगी। साथ ही उस इमोशनल टच को भी बरकरार रखेगी, जिसने मूल फिल्म को पीढ़ियों तक लोकप्रिय बनाया। खबरों के अनुसार, इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, मनोज बाजपेयी, नित्या मेनन और कावेरी कपूर जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिलहाल यह फिल्म प्री-प्रोडक्शन चरण में है और इस साल के अंत में इसका प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है। वैभव सूर्यवंशी की बात करें तो, बिहार के इस युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने इस साल आईपीएल और भारत की अंडर-19 टीम में अपने प्रदर्शन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया है।

# राशाः लाल कपड़ों में दिलाई मां रवीना की याद

राशा थडानी हाल ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'श्रीनिवास मंगपुरम' के एक इवेंट में नजर आईं। यहां से उनका लुक वायरल हो रहा है। यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म 'श्रीनिवास मंगपुरम' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ नजर आएंगी। हाल ही में हैदराबाद में इस फिल्म का एक इंट्रोडक्शन इवेंट हुआ। इसमें दोनों कलाकारों का परिचय कराया गया।

इस इवेंट से राशा थडानी का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स ने उनकी तुलना उनकी मां रवीना टंडन से की है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया 'ऐसा क्यों लगता है कि हम रवीना टंडन को देख रहे हैं?' वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राशा थडानी लोगों के बीच से उठकर स्टेज पर आती हैं। इसके बाद अपने साथी कलाकार जय कृष्णा



घट्टामनेनी को केक खिलाती हैं। आपको बता दें कि यह इंट्रोडक्शन इवेंट सुपरस्टार कृष्णा की जयंती के मौके पर आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, जय कृष्णा अपने दादा के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा 'मेरे लिए, मेरे दादा भगवान के समान हैं। उनके लिए मेरे दिल में जो प्यार और सम्मान है, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।' राशा थडानी, जो इस फिल्म के साथ टॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं, उन्होंने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया।

उन्होंने कहा, 'इस फिल्म के साथ तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करके मुझे बेहद खुशी हो रही है। जय कृष्णा के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। मैं इस फिल्म को दर्शकों के सामने पेश करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।'


## अमेरिकी अभिनेत्री मिका से तुलना


**मुंबई।** महिमा चौधरी अपनी बेटी को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है, जिनमें उनकी बेटी एरियाना मुखर्जी की तुलना अमेरिकी एक्ट्रेस मिका अब्दुल्ला से की जा रही है। कई फैंस तो 'ऑफ कैंपस' की स्टार मिका को एरियाना की हमशक्ल भी कह रहे हैं। मिका, प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'ऑफ कैंपस' में ऐली हेस का किरदार निभाती हैं। कई यूजर्स ने यह भी बताया कि मिका काफी हद तक महिमा चौधरी के जवानी के दिनों की तरह दिखती हैं।



# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे के बाद रिटायर होंगे टॉम?

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता टॉम हॉलैंड अपनी फिल्म 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' के बाद पीटर पार्कर के किरदार से रिटायर हो सकते हैं। उन्होंने हाल में हुई एक बातचीत में कहा कि वह अब किसी नए अभिनेता के लिए पीटर पार्कर का रास्ता खोलना चाहते हैं। अभिनेता टॉम हॉलैंड स्पाइडर मैन सीरीज की चार फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। मगर हाल ही में एम्पायर मैगजीन से हुई बातचीत में उन्होंने कहा, 'अगला किरदार चाहे माइल्स मोरालेस हो, स्पाइडर-ग्वेन हो, स्पाइडर-वुमन हो या ऐसा ही कोई और, मैं उसके अगले अध्याय की नींव रखने में अपना योगदान देना चाहूंगा। मैं नहीं जानता कि किस तरह मैं इसमें शामिल रहूंगा। मगर स्पाइडर मैन के किरदार को किसी और को सौंपने के बारे में सोच रहा हूं।' इसके साथ ही 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज अब टॉम हॉलैंड और स्पाइडर मैन फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खास हो गई है। टॉम के इस बयान से फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि इस फिल्म में वो आखिरी बार स्पाइडर मैन और पीटर पार्कर के रूप में दिखाई देगें। टॉम ने साल 2016 में 'कैप्टन अमेरिका' से मार्वल की दुनिया में कदम रखा था। अब तक उन्हेंने तीन बार स्पाइडर-मैन फिल्मों में अभिनय किया है। स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।





# कॉकटेल-2 के सेट से बीटीएस तस्वीरें जारी...

**मुंबई।** कॉकटेल 2 में रश्मिका मंदाना पहली बार कृति सेनन और शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म कॉकटेल 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले शाहिद कपूर ने कॉकटेल 2 की कुछ बीटीएस तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। एक्टर शाहिद ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में एक फोटो कॉकटेल 2 की शूटिंग के दौरान की दिखाई दी। इस फोटो को शेयर कर एक्टर ने कैप्शन लिखा- 'व्हाट ए फन।' इसके अलावा भी उन्होंने कुछ और फिल्म से जुड़ी तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में कृति और रश्मिका भी नजर आईं। इसके अलावा शाहिद ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट शूटिंग के बीच के समय में इंजॉए करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



# एसवीसी-63 से सामने आई पहली झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जो कि एसवीसी63 के सेट से बताई जा रही है। इस तस्वीर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं। सलमान खान ने हाल ही में निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म को अस्थाई तौर पर एसवीसी63 कहा जा रहा है। सलमान खान की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसे उनकी आगामी फिल्म एसवीसी 63 के सेट की तस्वीर बताया जा रहा है। इस तस्वीर में सलमान एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सलमान के चेहरे पर साफ गुस्सा नजर आ रहा है, उनके आस-पास कई लोग भी दिखाई दे रहे हैं। सलमान की इस तस्वीर पर यूजर्स ने अपनी राय पेश की है।

## टीवी मसाला



# कोई भी किसी और को राम के रूप में नहीं देखना चाहता: अरुण

**नई दिल्ली।** अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। इसके निर्देशक नितेश तिवारी हैं। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम का मुख्य किरदार निभा रहे हैं। साई पल्लवी सीता का किरदार निभा रही हैं, जबकि यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट में एक खास बात यह है कि इसमें दिग्गज एक्टर अरुण गोविल को भी कास्ट किया गया है। अरुण गोविल टीवी सीरीज 'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए मशहूर हैं। इस फिल्म में, गोविल भगवान राम के पिता, राजा दशरथ का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इस बीच उन्होंने रणबीर कपूर की तारीफ की है। एक बातचीत में अरुण गोविल ने रणबीर के बारे में यह साफ किया कि उन्हें इस एक्टर की काबिलियत पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'राम के तौर पर, मैं उनके बारे में अभी कुछ नहीं बता पाऊंगा, लेकिन वह एक अच्छे एक्टर हैं। इसमें कोई शक नहीं है। वह एक बहुत अच्छे इंसान भी हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हर एक्टर हर किरदार को अपने ही अंदाज में निभाता है। उन्होंने भी भगवान राम का किरदार अपने ही अनोखे अंदाज में निभाया होगा।' जब फिल्म 'रामायण' का पहला लुक रिलीज हुआ था, तब कई लोगों ने रणबीर कपूर के लुक की आलोचना की थी। इस बारे में अरुण गोविल से पूछा गया। इस पर उन्होंने बताया 'शायद इसकी एक वजह यह भी है कि भगवान राम के रूप में मेरा अभिनय ही एक पैमाना बन गया था। यह आज भी लोगों के दिलों और दिमागों में जिंदा है। कोई भी किसी और को राम के रूप में देखना नहीं चाहता। आप जानते ही हैं, मेरी 'रामायण' कहीं न कहीं, किसी न किसी समय चलती ही रहती है। इसलिए, मेरे लिए, किसी दूसरे अभिनेता के भगवान राम के रूप में किए गए अभिनय पर टिप्पणी करना सही नहीं लगता।' हाल ही में रणबीर कपूर ने बताया कि फिल्म में उनकी भूमिका सिर्फ भगवान राम का किरदार निभाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह भगवान परशुराम के रूप में भी नजर आएंगे। 'रामायण' 2026 की दिवाली पर रिलीज होने वाली है। इसका दूसरा हिस्सा अगले साल दिवाली पर रिलीज होगा।

## 'नाटक के बीच में रोते बच्चे को संभाला'

**नई दिल्ली।** टीवी और फिल्मों के अलावा अभिनेता स्वप्निल जोशी थिएटर भी सक्रिय हैं। स्वप्निल जोशी 'लगना पंचमी' नाम का नाटक थिएटर में करते हैं। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं। हाल ही में जब वह यह नाटक कर रहे थे तो अचानक शो में एक बच्चा रोने लगा। इस वजह से नाटक में खलल पड़ गया। ऐसे में गुस्सा होने की बजाय स्वप्निल जोशी ने मजेदार रिएक्शन दिया। स्वप्निल जोशी के नाटक के बीच में एक छोटा बच्चा रोने लगा। ऐसे में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस को रोक दिया और प्यार से कहा, 'माफ कीजिए क्या आप बच्चे को बाहर ले जा सकते हैं?' दर्शकों ने भी जवाब में माफी मांगी। तब स्वप्निल ने जवाब दिया, 'कोई दिक्कत नहीं है, बस बात यह है कि सबका ध्यान भंग हो रहा है।' स्वप्निल जोशी बोल ही रहे थे कि बच्चा फिर से रोने लगा। तब स्वप्निल जोशी ने कहा, 'प्यारे छोटे बच्चे तुम्हें भी नाटक देखना पसंद है, है ना?' एक्टर की यह बात सुनकर पूरे थिएटर में जोरदार हंसी गूंज उठी। इस तरह स्वप्निल जोशी ने एक मुश्किल कंडीशन को बड़े ही अच्छे से संभाल लिया। जब स्वप्निल जोशी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो फैंस, यूजर्स ने उन्हें खूब सराहा। उनकी जमकर तारीफ की कि कैसे उन्होंने एक मुश्किल कंडीशन को संभाल लिया। कुछ लोगों ने इसलिए भी एक्टर को सराहा क्योंकि बच्चे के माता-पिता को उन्होंने पूरा सम्मान दिया।



# 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान मेरी तबीयत खराब थी : माधुरी

*मुंबई। माधुरी दीक्षित को लेकर सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि शाहरुख खान की 2002 की ब्लॉकबस्टर फिल्म देवदास के 'डोला रे डोला' गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी दीक्षित चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। अब इन चर्चाओं और अटकलों पर खुद माधुरी दीक्षित ने प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई बताई है। एक बातचीत में माधुरी दीक्षित ने अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने बेटे की जन्म की तारीख भी बताई। माधुरी ने कहा, 'आरिन का जन्म 2003 में हुआ था। आप हिसाब लगा लीजिए।' माधुरी दीक्षित के बड़े बेटे आरिन अब 23 साल के हैं और उनका जन्म 17 मार्च 2003 को हुआ था। फिल्म देवदास 12 जुलाई 2002 को रिलीज हुई थी, इससे पहले इसका प्रीमियर 23 मई 2002 को कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। हालांकि, माधुरी ने स्पष्ट किया कि शूटिंग शारीरिक रूप से काफी थकाने वाली थी, लेकिन इसका कारण उनकी प्रेग्नेंसी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ट्रेवल कर रही थी, इसलिए मेरी*



*तबीयत थोड़ी खराब थी। मैं लगातार शूटिंग के लिए इधर-उधर जा रही थी। मेरी सारी शूटिंग रात में होती थी। इसलिए मेरे लिए यह बहुत थकाने वाला था। मेरी तबीयत थोड़ी खराब थी, लेकिन कुछ खास नहीं था। माधुरी की ये प्रतिक्रिया तब आई है, जब कुछ दिन पहले दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान की पूर्व असिस्टेंट रुबीना खान के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाने की शूटिंग के दौरान माधुरी प्रेग्नेंट थीं। रुबीना ने 'डोला रे डोला' गाने के बारे में बात करते हुए कहा था, 'इसमें एक स्टेप है जिसमें माधुरी मैम घूमकर बैठती हैं। वह शॉट सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक चलता रहा, क्योंकि वह चार महीने की प्रेग्नेंट थीं। इसलिए वह ठीक से घूम नहीं पा रही थीं और उन्हें चक्कर आ रहे थे। उस समय उन्हें बुखार भी था।*

# 'धुरंधर में जो दिखाया गया है, वो सब सच है'

**मुंबई।** आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही चर्चाओं में है। जहां एक तरफ पहले पार्ट ने फैनबेस बनाया, वहीं दूसरी तरफ दूसरे पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े। इन सब के बीच फिल्म की स्टोरी के रियल होने पर कई लोगों ने सवाल खड़े किए। इसी बीच अब एक पाकिस्तानी पत्रकार का इस मामले पर बड़ा बयान सामने आया है। पाकिस्तानी पत्रकार आरिफ अजाकिया ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्म धुरंधर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्म में दिखाए गए ल्यारी और कराची के हालात को हकीकत के काफी करीब बताया है। दरअसल, रणवीर सिंह की यह फिल्म 2025 में रिलीज हुई थी और अब एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म में कराची के लयारी इलाके में सक्रिय क्राइम और गैंगस्टर नेटवर्क को दिखाया गया है, जो असल घटनाओं से प्रेरित बताया जाता है। पत्रकार सौरभ द्विवेदी से बातचीत के दौरान आरिफ अजाकिया ने कहा कि उन्होंने खुद लयारी में रहकर वही सब देखा है, जो फिल्म में दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि वह जमशेद टाउन के मेयर भी रह चुके हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं लयारी में पैदा



हुआ और वहीं पला-बढ़ा हूं, इसलिए फिल्म में जो दिखाया गया है, वो सब सच है।' इतना ही नहीं, आरिफ अजाकिया ने अपनी जड़ों को लेकर भी एक दिलचस्प बात कही। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता भारत के जूनागढ़, गुजरात से थे। उन्होंने कहा, 'मैं कराची में पैदा हुआ हूं, लेकिन खुद को भारतीय मूल का मानता हूं, पाकिस्तानी नहीं।' फिल्म धुरंधर में एक भारतीय एजेंट की कहानी दिखाई गई है, जो एक गुप्त मिशन पर होता है। इसमें आतंकवाद, खुफिया ऑपरेशन और बॉर्डर के बीच के तनाव जैसे मुद्दों को भी दिखाया गया है। फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अहम किरदारों में हैं।

# सुचित्रा : इंदिरा की कुर्सी के लिए बन गई थीं खतरा !

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में वैसे तो कई दमदार और उम्दा हीरोइनें रही हैं, जिन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया और सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पर एक हीरोइन ऐसी रही, जिसे 'पर्दे की देवी' का दर्जा मिला हुआ था। इस एक्ट्रेस को महानायिका कहा जाता था। संजीव कुमार से लेकर धर्मेंद्र और उत्तम कुमार तक इस एक्ट्रेस के फैन थे। यह थीं सुचित्रा सेन, जिन्होंने दशकों तक फिल्मी पर्दे के साथ लोगों के दिलों पर राज किया और कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। पर सुचित्रा सेन की जिंदगी में कुछ ऐसा हुआ, जिसके कारण वह लोगों की नजरों से छुपने लगी थीं। हालात ऐसे हो गए थे कि उन्होंने 36 साल तक खुद को कमरे में बंद कर लिया। यहां तक कि जब सुचित्रा सेन को दादासाहेब फाल्के सम्मान दिया जाना था, तो वह उसे लेने के लिए भी बाहर नहीं निकली थीं। सुचित्रा सेन एक ऐसी एक्ट्रेस रहीं, जिन्होंने इंदिरा गांधी की कुर्सी के लिए भी खतरा पैदा कर दिया था या यूं कहें कि वह इंदिरा गांधी की कुर्सी के लिए खतरा बन गई



## 1953 से मिला स्टारडम उत्तम कुमार संग 30 फिल्में

फिर साल 1953 में सुचित्रा ने 'शारे चोतोर' में काम किया, जो सुपरहिट रही। इसमें सुचित्रा सेन की उत्तम कुमार के साथ जोड़ी थी। देखते ही देखते सुचित्रा सेन और उत्तम कुमार की जोड़ी हिट हो गई। करीब दो दशक तक उन्होंने लगभग हर फिल्म में साथ काम किया और वो हिट रहीं। सुचित्रा सेन ने अपने कॅरियर में 60 फिल्में कीं, जिनमें से 30 में वह उत्तम कुमार के साथ नजर आईं।

### पिता ने 16 की उम्र में करवा दी शादी

सुचित्रा सेन की पढ़ाई बीच में छूट चुकी थी, पर उन्हें गाने और एक्टिंग का बहुत शौक था। ऐसे में पति और ससुर ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया। पति के सपोर्ट से सुचित्रा सेन ने साल 1952 में अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। शुरुआत बंगाली फिल्मों से की थी, और फिर धीरे-धीरे हिंदी फिल्मों में भी आ गईं। सुचित्रा सेन की पहली फिल्म 'शेष कोथाय' थी, जो एक बंगाली फिल्म थी, पर कभी रिलीज नहीं हो सकी।

### सुचित्रा सेन की हिट फिल्में

देवदास, मुसाफिर, बंबई का बाबू, ममता, सरहद, आंधी, शारे चोतोर, सप्तपदी. सात पाके बाधा, दीप ज्वेले जय, अग्निपरीक्षा, उत्तर फाल्गुनी।

### अवॉर्ड और सम्मान

सुचित्रा सेन इंटरनेशनल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस हैं और उन्हें सिल्वर प्राइज मिला था। मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सुचित्रा को सात पाके बॉधा के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

### असली नाम और परिवार दंगे हुए तो भागना पड़ा

सुचित्रा सेन ब्रिटिश भारत के बंगाल के बेलकुची थाना स्थित भंगा बारी गांव में पैदा हुई थीं। वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं और असली नाम था रोमा दासगुप्ता। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद रोमा फिर सुचित्रा सेन बन गई थीं। साल 1947 में जब भारत-पाकिस्तान का विभाजन हुआ, तो दंगे-फसाद होने लगे। उसमें पिता ने किसी तरह खुद की और परिवार की जान बचाई और बंगाल आकर बस गए। यहां आने के बाद पिता ने सुचित्रा सेन की शादी एक रईस बिजनेसमैन आदिनाथ सेन के बेटे दीबानाथ सेन से करवा दी। तब सुचित्रा सेन 16 साल की थीं।

### इंदिरा गांधी ने बैन करवा दी आंधी

साल 1955 में सुचित्रा सेन ने फिल्म देवदाससे बॉलीवुड में कदम रखे। इसमें दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला भी थीं। फिल्म सुपरहिट रही। फिर तो 60 से लेकर 70 के दशक तक सुचित्रा सेन का ही जलवा रहा। हालांकि, साल 1974 में आई फिल्म 'आंधी' ने एक विवाद खड़ा कर दिया। इस फिल्म में सुचित्रा सेन ने आरती देवी नाम का किरदार निभाया था। कहा गया है कि यह किरदार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से प्रेरित है और कांग्रेस पार्टी की छवि भी खराब कर सकता है। जबकि यह किरदार उनसे प्रेरित नहीं था। पर इंदिरा गांधी ने 'आंधी' की रिलीज रुकवा दी। फिर साल 1975 में जब इमरजेंसी लगी, तो 'आंधी' को इंदिरा गांधी ने बैन करवा दिया। इसके बाद तो हर तरफ 'आंधी' की ही चर्चा होने लगी। हालांकि, साल 1977 में जब कांग्रेस पार्टी हार गई और जनता पार्टी सत्ता में आई तो 'आंधी' को टीवी पर प्रीमियर किया था। तब इस फिल्म की हर किसी ने तारीफ की।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर, दिनांक 18/05/2026

प्रति, 1. आवेदक अनिल कुमार पिता चंद्र मोहन आवेदक के बताए अनुसार 2. टंकेश्वर प्रसाद 3. गिरीराज चौधरी 4. सविता जायसवाल

विषयः- सीमांकन में उपस्थित बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

सदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ना.तह./वा. / 2024 बिलासपुर. दिनांक 07/05/2026

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2448/51 रकबा 0.0220 हेक्टेयर की सीमांकन हेतु आवेदक अनिल कुमार निवासी मोपका बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04/06/26 को समय 10:00 से 05:00 के बीच में किया जाना है आप उक्त तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका, बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## भीषण गर्मी में शीतल जल एवं ठंडा शरबत का वितरण



**बिल्हा।** श्रीअग्रवाल सेवा समिति एवं श्रीअग्रसेन भवन प्रबंध समिति के तत्वावधान में भीषण गर्मी में राहगीरों एवं अन्य लोगों के लिए शीतल जल एवं ठंडा शरबत वितरण की व्यवस्था श्रीअग्रसेन भवन में की गई थी। इस मौके पर मनोज अग्रवाल अनिल अग्रवाल सुनील अग्रवाल विनोद अग्रवाल, अभय अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 27 दुकानों का निरीक्षण कर 14 पर कोटपा एक्ट की कार्रवाई



**मुंगेली।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में स्कूलों के आसपास संचालित तंबाकू विक्रेताओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अभियान के दौरान कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान मुंगेली नगर पालिका अंतर्गत स्कूलों के समीप स्थित 27 दुकानों का निरीक्षण किया गया। औषधि निरीक्षक किरण सिंह ने बताया कि जांच में 13 दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि 14 दुकानों पर कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 1300 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि कोटपा एक्ट 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू बिक्री प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई का प्रावधान है। कार्रवाई के दौरान जिला चिकित्सालय के साइकोलॉजिस्ट ओम साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चेतना वरिष्ठ महिला संघ ने मनाया पहला स्थापना दिवस




**मुंगेली।** चेतना वरिष्ठ महिला संघ ने अपना प्रथम स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया। जिसमें प्रदेश कान्फेडेरेशन के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश देवरस शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में अनिता गुप्ता एवं लक्ष्मी सोनी ने राज्य गीत अरपा पैरी की धार का गायन किया। संघ मुंगेली की अध्यक्ष उमा शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि चन्द्रप्रकाश देवरस ने शासन से प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 24 संघ साथ-साथ वरिष्ठजन को सेवा दे रहे हैं तथा प्रदेश महासंघ राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक कान्फेडरेशन (आस्काइन) से संबद्ध है। उन्होंने प्रदेश के गतिविधियों की जानकारी दी और ग्रामीण स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को फोकस किया। कार्यक्रम को महासंघ के सचिव धनेश सोलंकी, वरिष्ठ पत्रकार नथमल शर्मा व महिला सचिव सत्याभामा अवस्थी ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि सचिव प्रमोद पाठक, हरिराम साहू, नागरिक संघ रहे। अध्यक्षता चेतना संघ की अध्यक्ष उमा शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सोनी ने किया। इस अवसर पर चेतना वरिष्ठ संघ की सचिव मंजू सोलंकी, कोषाध्यक्ष प्रमिला चौरसिया, सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थी।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 25 हजार, थाने में शिकायत

**तखतपुर।** एटीएम के माध्यम से धोखाधड़ी की शिकायत ग्रामीण ने थाने में की है। जानकारी के अनुसार पड़रिया निवासी नारायण प्रसाद पाली ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि उसकी पत्नी का खाता स्टेट बैंक में संचालित है। 29 मई को शाम 5 बजे वे स्टेट बैंक के पास लगी एटीएम में पैसा निकालने के लिए गए थे। वहां तकनीकी कारणवश जब कोई रकम नहीं निकली तो पास खड़े एक अज्ञात व्यक्ति को समस्या बताई। इस पर उस अज्ञात ने एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा एटीएम कार्ड वापस कर दिया। इसके बाद जब वे घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर 25 हजार रूपए निकासी का मैसेज आया। इस निकासी का जब फुटैज देखा तो यह रकम पंजाब नेशनल बैंक की एटीएम से निकालना दर्शित हुआ। प्रार्थी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रकम दिलाने की मांग की है।

## 81 पाव शराब जब्त, दो आरोपी भेजे गए जेल

**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु आबकारी विभाग द्वारा लोरमी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय के मार्गदर्शन में आबकारी टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए दो गैरजमानतीय प्रकरण दर्ज किया तथा बड़ी मात्रा में देसी शराब जब्त की। जानकारी के अनुसार ग्राम लगरा निवासी भागवत प्रसाद विश्वकर्मा के कब्जे से 36 पाव देसी शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### ऐतिहासिक धरोहर को मिली राष्ट्रीय पहचान

# प्रधानमंत्री ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने नगर पालिका परिषद बोदरी वार्ड क्रमांक 4 नयापारा के बूथ क्रमांक 251 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134वें एपिसोड को कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सुना। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी विचार प्रत्येक देशवासी को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं।

श्री कौशिक ने कहा कि मल्हार के ऐतिहासिक खोज का जिक्र करके प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ का मान पूरे भारत वर्ष में बढ़ाया है जो बिलासपुर जिले के साथ- साथ पूरे छत्तीसगढ़वासियो के लिए गौरव के विषय है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के सैनिक स्कूल अंबिकापुर से निकले अनिमेष कुजूर धावक का जिक्र किया जिसने 100 मीटर की रेस 10.18 सेकेंड में की पूरी कर रिकॉर्ड तोड़कर , 22 की उम्र में रचा इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अपने कार्यक्रम में जिक्र कर पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं का मान बढ़ाया है और देश के युवाओं को प्रोत्साहित किया है। श्री कौशिक ने कहा कि इसी तरह प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े अनेक प्रेरणादायी विषयों पर अपने विचार साझा करके हम सभी को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ₹मन की बात₹ देशवासियों को जोड़ने वाला ऐसा मंच बन चुका है, जहां सकारात्मक प्रयासों, जन आंदोलनों और आम नागरिकों की प्रेरक कहानियों को सम्मान मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विचार समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करते हैं। उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन हम सभी को सेवा, समर्पण और विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है।



## सर्वसेन श्रीवास समाज ने की मुख्यमंत्री साय से मुलाकात

**मुंगेली/लोरमी।** सर्वसेन श्रीवास समाज द्वारा लोरमी में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सर्व सेन श्रीवास समाज जिला अध्यक्ष मुंगेली एवं भाजपा मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, कमलेश श्रीवास झुग्गी झोपड़ी जिला संयोजक सुरेश श्रीवास, पूर्व पार्षद लोरमी, विनोद श्रीवास सर्व सेन जिला उपाध्यक्ष, तुषार श्रीवास, संतोष श्रीवास, चंद्रप्रकाश श्रीवास पूर्व उप सरपंच के साथ अन्य मौजूद थे।

## मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय राज्यमंत्री



**बिलासपुर।** हर महीने प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू बेलतरा विधानसभा के ग्राम पंचायत लगरा पहुंचे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।

विधायक सुशांत शुक्ला की मौजूदगी में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा दी जा रही रोचक जानकारियों एवं प्रेरक प्रसंगों का बड़ी ही जिज्ञासा पूर्वक आनंद लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भारत के अलग अलग क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य कर रहे प्रतिभाओं, युवा खिलाड़ियों एवं सामाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विभूतियों की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर रखा। पकार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बूथ स्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्त्ता हर महीने अपने बूथों में अनिवार्य रूप से बैठक करें एवं जिला या मण्डल स्तरों से आने वाले सभी कार्यक्रमों का बूथों में तय सीमा सम्पादन होना चाहिए। पार्टी के द्वारा तय किए गए साल के छह अनिवार्य कार्यक्रमों की सभी को जानकारी होने के साथ कार्यकर्त्ता इसकी क्रियान्वयन की भी चिंता करें। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, यश मनहर, उमेश गौरहा, अवधेश अग्रवाल, तिलक साहू, प्रणव शर्मा, समदरिया जागेन्द्र कश्यप, शैलू, गोरख, पवन कश्यप, सीता ठाकुर, यश गौरहा, अंकिता शुक्ला, सुनीता साहू, श्वेता ठाकुर, कमल पाण्डेय, सरपंच जहुरा मुखी राम बिरजे, उप सरपंच संतोषी आदि मौजूद थे।

## किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है भाजपा: राजपूत



**तखतपुर।** भाजपा मंडल काठाकोनी के बूथ क्रमांक 326 मेडपार छोटा में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण एवं किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. माधवी वस्त्रकर, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू एवं मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, रामफल निर्मलकर योगेश साहू उपस्थित रहे।

मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, नवाचार, सामाजिक सहभागिता एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात आयोजित किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है। जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. माधवी वस्त्रकर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर सरपंच रामेश्वर यादव, क्षमा सिंह, जितेन्द्र यादव, मनोज निषाद, वीरेन्द्र कौशिक, सुशील कुमार, रामजी, गणेश कर्मकार, मुन्नालाल, परमा यादव, भगतराम, संत कुमार, चंदर बाई, मुन्नी बाई, धान बाई, हेमन केवट, ताराचंद, तिरिथ राम, अश्वनी साहू, विनोद साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम में किया गया बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण

**मुंगेली।** वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सम्मानजनक जीवन के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

शिविर के दौरान उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर) एवं मोतियाबिंद सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुजुर्गों की नियमित स्वास्थ्य निगरानी करते हुए आवश्यक सावधानियों एवं उपचार संबंधी सुझाव दिए। इस अवसर पर वृद्धजनों को संतुलित आहार, नियमित दवा सेवन, हल्का व्यायाम, पर्याप्त पानी पीने, तनावमुक्त जीवनशैली एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें यह संदेश भी दिया गया कि बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ और सुखद जीवन की सबसे बड़ी कुंजी है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना, जिससे वृद्धजनों के चेहरों पर अपनापन और विश्वास की मुस्कान दिखाई दी।

## सरगांव मंडल में सुनी गई मन की बात



**सरगांव।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 134वां संस्करण सरगांव मण्डल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 118 लोहदा में प्रदेश संयोजक किसान मोर्चा रिज़वान हक़ एवं जनपद सदस्य के नेतृत्व में सुना गया। इस मौके पर किसान मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष दिनेश साहू (ललित), अशोक श्रीवास, बड़कू राम साहू, भगत साहू पंच, राधेश्याम बारगाह भखारी साहू, केजू साहू, मनोज साहू, त्रिलोचन साहू, बिसाहू साहू एवं महिला कार्यकर्त्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वच्छता दूत के रूप में तैयार किए जा रहे कैडर



**मुंगेली।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता के लिए जिले में व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीण जनप्रतिनिधियों, आमजन तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़े कैडरों को नियमों की जानकारी देकर उन्हें स्वच्छता दूत के रूप में तैयार किया जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले के सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के विभिन्न कैडरों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित कैडर गांवों में दीवार लेखन, नारा लेखन, रैली, स्वयं सहायता समूहों की बैठकों एवं अन्य जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को नियमों के पालन और उसके महत्व की जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

साथ ही जिले की लक्षित 25 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में वार्ड बैठकों, सामूहिक स्वच्छता अभियान तथा घर-घर कचरा संग्रहण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान भी नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की जानकारी दी जा रही है। इन प्रस्तुतियों के जरिए स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा रहा है।

## मुंगेली जिले की सभी तहसीलों, ग्रामों नगरीय निकायों में जनगणना कार्य पूर्ण

**मुंगेली।** देश के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियानों में शामिल जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य मुंगेली जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 1 मई से 30 मई 2026 तक चले इस अभियान के दौरान जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों का शत-प्रतिशत सर्वेक्षण किया गया, जिससे आगामी जनसंख्या गणना के लिए मजबूत आधार तैयार हो गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों, ग्रामों और नगरीय निकायों में यह कार्य पूरी कुशलता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान जिले का कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से वंचित नहीं रहा। उन्होंने जनगणना कार्य में सहयोग देने वाले नागरिकों, प्रगणकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियमावली 1990 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इन आंकड़ों का उपयोग केवल नीति निर्माण, विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। जिले में यह कार्य 6 नगरीय चार्ज एवं 6 ग्रामीण चार्ज के अंतर्गत संपादित किया गया। इसके लिए 1 हजार 380 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए थे। अभियान में 3 अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, 12 चार्ज अधिकारी, 2 मास्टर ट्रेनर्स, 29 फील्ड ट्रेनर्स, 1 हजार 274 प्रगणक एवं 216 पर्यवेक्षकों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 का दूसरा चरण अर्थात जनसंख्या गणना कार्य फरवरी 2027 में संपन्न किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिली बोरवेल मिस्त्री की लाश



**पेंड्रा।** नगर के घसियापारा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। मृतक की पहचान बोरवेल मिस्त्री सुरेंद्र कश्यप के रूप में हुई है। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए पेंड्रा के दुर्गा चौक पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरेंद्र कश्यप की सोची-समझी रणनीति के तहत हत्या की गई है। परिजन लगातार पुलिस प्रशासन से इस मामले में तुरंत हत्या का मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। व्यस्त चौराहे पर शव रखकर जाम लगाने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पेंड्रा पुलिस बल तुरंत मौके पर तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

काफी देर तक चले हंगामे के बाद, पुलिस प्रशासन ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष और कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के इस ठोस आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त किया, जिसके बाद दुर्गा चौक पर यातायात बहाल हो सका।

### सुशासन तिहार: हाईस्कूल में लगा शिविर

# हर नागरिक को मिले सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका अंतर्गत वार्ड 12 बालक हाईस्कूल में शिविर लगाया गया। शिविर में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। उन्होंने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा भी की। इस दौरान ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। शिविर में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17 प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। वहीं 97 मांग है। शिकायत 22 है। जबकि शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सरकार सुशासन तिहार के जरिए गांव गांव तक पंहुचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है हर वर्ग इससे लाभान्वित हो रहा है। सरकार की ये मंशा है कि हर नागरिक को सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ मिले। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि सरकार के सुशासन तिहार के जरिए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनके गांव घर में ही हो रहा है। सुशासन की यह पहल आम लोगों को बड़ी राहत पंहुचा रही है। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। नगरवासियों ने शिविर के माध्यम से नगर स्तर पर मिल रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

### आदर्श विवाह के लिए युवक ने मांगा सहयोग

समाज में शादी में बढ़ते फिजूलखर्च और दहेज प्रथा के खिलाफ नगर के एक युवक ने अनूठी और प्रेरणादायक पहल की है। नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी राहुल तिवारी ने सुशासन तिहार शिविर में महिला बाल विकास विभाग को एक अनोखा आवेदन सौंपा है। राहुल तिवारी ने बिना किसी लेन-देन दहेज के, पूरी सादगी के साथ वैवाहिक बंधन में बंधने की इच्छा जताई है। इस आदर्श विवाह के लिए एक सुयोग्य जीवन साथी की खोज में उन्होंने प्रशासन से सहयोग और मार्गदर्शन का निवेदन किया है।

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों का होगा विकास

**मुंगेली।** जिले में पंचायतों को विकास की नई दिशा देने और ग्राम स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत संसाधन केंद्र धरमपुरा के सभाकक्ष में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के निर्देशानुसार उप संचालक पंचायत एलके कौशिक ने पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के मानक, पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न आयामों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उप संचालक पंचायत एलके कौशिक ने कहा कि पंचायत विकास योजना और पंचायत उन्नति सूचकांक ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं, सामाजिक विकास और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को विकासखंड स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं, ताकि पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सके। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पंचायतों की विकास योजनाओं को जमीनी आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने, विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य करने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराते बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**बिलासपुर।** सकरी शराब भट्टी रोड़ पर हाथ में धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक बदमाश को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक शनिवार से मुखबिर की सूचना मिली की अटल आवास सकरी निवासी राजेश मरकाम 32 वर्ष शराब भट्टी मार्ग पर चाकू लेकर आने-जाने वाले राहगीरों को आतंकित कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी रजनेश सिंह,एएसएसपी पकंज कुमार पटेल और सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर सकरी थाना प्रभारी उमेश साहू के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने घेरीबंदी कर आरोपी राजेश मरकाम को रंगे हाथों दबोच लिया।उसके कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में प्रआर चोलाराम पटेल,आरक्षक रूपेश कौशिक,पवन बंजारे और मनोज बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

### बीयर बोतल से युवक का सिर फोड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट कर बीयर की बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नयापारा निवासी गोलू मानिकपुरी पिता स्व. लखन दास 30 मई को मोहल्ले के किराना दुकान के सामने बैठे थे। इसी दौरान बिट्टू उर्फ सावन यादव आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो बिट्टू ने उनके साथ गाली गलौज कर बीयर की बोतल से हमला कर सिर फोड़ दिया। उसके बाद कैंची से पीठ, दाहिने पैर पर हमला कर दिया। पुलिस ने गोलू मानिकपुरी की रिपोर्ट पर हमलावर बिट्टू उर्फ सावन यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ग्रामीण की आत्महत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जमीन विवाद मे प्रताड़ना से त्रस्त होकर ग्रामीण ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी, ग्रामीणों ने शव



रखकर चक्काजाम कर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 29 मई को फरहदा निवासी परमेश्वरी पटेल पति कनक पटेल ने रिपोर्ट लिखाई। बजरंग चौक में शासकीय जमीन में उन लोगों का घर है और वे कई सालों से काबिज है। पड़ोसी बलराम यादव उनके घर के बुजुर्ग महिला रामकली यादव को कहने लगा तुम लोग जिस जमीन में घर बनाए हो वह शासकीय है, घर व जमीन छोड़कर यहां से चले जाओ कहकर घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट की थी, जिससे क्षुब्ध होकर उनके पति कनक पटेल जहर खा लिया था। 30 मई को उनका इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई थी। परिजन ने शव मुख्य मार्ग मे रखकर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग कर चक्काजाम कर दिया था। 31 मई को पुलिस ने बीएनएस की धारा 108 के तहत आरोपी फरहदा निवासी बलराम यादव पिता लुलुराम यादव 39 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवती घायल

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना अंर्तगत नेहरू नगर मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के चालक ने गलत दिशा में आकर स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चला रही युवती पावनी जोशी का बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया और स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कारचालक महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक उसलापुर निवासी महेश कुमार जोशी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना बीती 20 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे की है। पीड़ित परिवार के द्वारा मृत माता के इलाज और अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने आरोपी महिला कार चालक डाक्टर सुधा राम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**मोपका बैम्बू म्यूजियम उजड़ा** | हरिहर छत्तीसगढ़ योजना में प्रशासन के साथ मिलकर वन विभाग ने किया था काम

# लाखों खर्च कर बनाया गया बैम्बू म्यूजियम हो गया बर्बाद, बांस के पेड़ हो चुके हैं गायब

**बिलासपुर।** मोपका में 80 लाख रुपए खर्च कर विकसित किए गए बैम्बू म्यूजियम की हालत खराब हो गई है। यहां न तो बैम्बू है और न ही किसी तरह का म्यूजियम दिखाई देता है। बैम्बू म्यूजियम में करोड़ों रुपए के बांस के साथ सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग भी गायब हो गई, जहां अब जमीन के साथ पौधरोपण भी पूरी तरह से बरबाद हो गया है।

हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत मोपका में विकसित किए गए बिलासपुर का पहला बैंबू म्यूजियम देखरेख के अभाव में पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। इस म्यूजियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया था, वह अब तक पूरा नहीं हो सका। मनरेगा के तहत बनाए गए बैम्बू म्यूजियम को वर्ष 2015 में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 26 एकड़ में तैयार



किया गया था। इसके तहत यहां बांस की 30 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिसमें कोलकाता और असम की बांस प्रजातियां भी शामिल की गई। बांस का यह म्यूजियम जिले के पहले म्यूजियम के रूप में स्थापित हुआ। इस म्यूजियम का उद्देश्य लोगों को बांस के अलग-अलग प्रजातियों के संबंध में रूबरू कराना और म्यूजियम में लोगों को रोजगार देना व इसे संरक्षित करना था। इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक के लिए रखा गया था। वर्ष 2020-21 में इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई। वर्ष 2015 से लेकर 2020 तक बैम्बू म्यूजियम की देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग ने निभाई। म्यूजियम बनाने के बाद लाखों रुपए के फेंसिंग और सीमेट के पोल लगाए गए, ताकि बांस के पौधों की सुरक्षा मवेशियों से हो सके। वर्ष 2020-21 में पांच वर्ष तक जिम्मेदारी निभाने के बाद वन विभाग ने बैम्बू म्यूजियम को भगवान भरोसे छोड़ दिया। वर्तमान में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि चारों ओर सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग के साथ पोल और लाखों रुपए के बांस के पेड़ भी गायब हो चुके हैं।

### पांच साल का होता है प्रोजेक्ट

वन विभाग के अनुसार बैम्बू म्यूजियम नहीं बैम्बू सिटम कहा जाता है, जहां बांस की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। इस योजना को 10 साल से अधिक हो गए हैं और पांच साल के बाद प्रोजेक्ट समाप्त हो जाता है। वर्तमान में यह 6 साल हो गया है। इसका कारण है कि चौकीदार को देने के लिए राशि भी मिलनी बंद हो जाती है, जिसकी वजह से वहां की सुरक्षा नहीं हो पाती।

### इन प्रजातियों के लगे थे बांस

जानकारी के अनुसार बैम्बू म्यूजियम में लगाए गए बांस की विभिन्न प्रजातियां लगाई गई थी। इसमें नाइजेसिया के 10, गोल्डन बैंबू के 50, न्यूटान्स के 10, बाटल बैंबू के 50, दुल्हा के 10, लोटा के 10, वैरिटगेटेड के 45, ग्रास टाइप के 50, रोपा के 60, बैंबूसा बानकुआ के 60 और बेलगेरिस के 50 प्रजातियों के बांस के पौधे लगाए गए थे।

### ली जाएगी जानकारी

मोपका में बैम्बू म्यूजियम में पौधरोपण कब किया गया था, यह तो जानकारी नहीं है, लेकिन अगर वह बरबाद हो रहा है तो इसकी जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-नीरज कुमार**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

वार्ड नंबर 12, 13 और 14 में पानी की समस्या

# सिरगिट्टी के चार वार्डों में फिर गहराया पानी का संकट, 10 दिन से खराब बोर नहीं सुधरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी के वार्ड नंबर 12, 13 और 14 में पानी का संकट एक बार फिर गहराने लगा है। इससे छह हजार की आबादी परेशान है। इन क्षेत्रों में घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा तालाब निर्माण की तरफ कोई ध्यान नहीं दिए जाने से पानी का स्तर लगातार नीचे गिरता चला गया। दूसरी तरफ पानी संकट के समाधान के लिए कुछ वार्डों में बोर भी कराए गए लेकिन इनसे भी पानी नहीं आने पर इन्हें बंद कर दिया गया। यहां के लोगों ने बताया कि तपती धूप, चढ़ता पारा और हाथों में बाल्टी-डिब्बे लिए टैंकर से एक बाल्टी पानी के लिए जद्दो जहद करने की मजबूरी इन दिनों सिरगिट्टी वासियो के लिए बड़ी मुशीबत साबित हो रही हैं। पहले तो एक वार्ड में पानी की समस्या हुई थी जैसे जैसे भीषण गर्मी अपना कहर बरसा रही हैं क्षेत्र के न केवल निगम बल्कि निजी घरो के बोर भी हाफने लगे हैं।

सिरगिट्टी में गर्मी के समय अमूमन हर साल पानी की किल्लत से लोग गुजरते हैं परन्तु इसका अब तक कोई उचित समाधान नहीं निकल पाया हैं। निगम के दावे हर साल यहां पानी की समस्या को दुर करने का होता हैं परन्तु इस दावे के विपरीत हर साल रहवासी हाथों में बर्तन लिए टैंकर की राह ताकने मजबूर दिखाई पड़ते हैं। यहां के रहवासियों के मुताबिक एक मोटर खराब हो गया है जो कि 10 दिनों से नहीं बन सका है। इससे परेशानी बढ़ गई है। लोगों के अनुसारजिन वार्डों में पानी की समस्या है उसके समाधान के लिए बोर करवाए थे, लेकिन कहीं भी पानी नहीं निकला। जो पानी की टंकी है उससे ही सप्लाई हो रही है जिससे काम चलाने के लिए पानी मिल पा रहा है।



टैंकर से पानी लेतीं महिलाएं व बच्चे, बाल्टी व बर्तन की लगी लाइन।

### यहां पानी की समस्या

शहर अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में हर वर्ष गर्मी में पानी की समस्या होती है। कुछ क्षेत्र में प्राकृतिक कारणों से कुछ क्षेत्र में निगम की बदइंतजामी के लिए कारण पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। इनमें मुख्य रूप से तालापारा, तारबाहर, जरहाभाठा मिनी बस्ती, जोरापारा सरकंडा, अशोक नगर सरकंडा, राजकिशोर नगर, मंगला, टिकरापारा, रेलवे परिक्षेत्र, तोरवा, नयापारा, सिरगिट्टी आदि प्रमुख हैं।

### टैंकर से आपूर्ति पर नहीं बुझ रही प्यास

सिरगिट्टी के साथ कई प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। लेकिन टैंकर से पानी सप्लाई बेसमय होती है। टैंकर के पहुंचते ही लोग पानी भरने के लिए भागते हैं। कई लोगों टैंकर के आने का पता ही नहीं चल पाता है। ऐसे में कई बार टैंकर के आने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर जलस्तर ने निगम के अधिकारियों की चिंता बढ़ा कर रख दी है।

### शिकायत सामने नहीं आई है

सिरगिट्टी से इस तरह की कोई शिकायत तो सामने नहीं आई है। यदि ऐसा है तो जोन आफिस के कर्मचारियों को भेजकर व्यवस्था कराई जाएगा। खराब बोर या पंप को सुधारा जाएगा।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

# 5 लाख का गांजा तस्करी करते पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच लाख रुपए से अधिक कीमत के गांजा तस्करी मामले में जीआरपी की टीम ने आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से 10 किलो से अधिक गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार और रेल पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में गांजा तस्करों के खिलाफ विशेष नारकोस अभियान चला रही है, जिसमें विशेषकर ओडिशा की ओर से आने वाली ट्रेनो में निगरानी रखी जा रही है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर, जीआरपी प्रभारी बीके राठौर व अन्य स्टाफ ने पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ और उसके पास रखे बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके बैग में



आरोपी से जब्त गांजा।

पांच पैकेट में 10 किलो 700 ग्राम गांजा रखा हुआ था, जिसकी कीमत 5 लाख 35 हजार रुपए है। आरोपी उत्तरप्रदेश मुजफ्फरनगर निवासी अक्षय कुमार पिता सतपाल 23 साल ने पूछताछ में बताया कि वह गांजा मलकानगिरी ओडिशा से लाने के बाद दिल्ली ले जाने के लिए दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जीआरपी ने आरोपी से गांजा जब्त करने के बाद 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पकड़ा गया मोबाइल चोर



**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा है। जीआरपी के अनुसार कोरबा कुसमुंडा कालोनी निवासी त्रिलोक सिंह पिता तीरथ सिंह 36 साल के मोबाइल चोरी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम किया गया था। रात में पेट्रोलिंग के दौरान स्टेशन के बाहर एक संदिग्ध मोबाइल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहा था, जिसे पूछताछ करने के लिए चौकी लाया गया। आरोपी तिलकेजा उरगा कोरबा निवासी बलवंत कंवर उर्फ बसंत पिता रतिराम कंवर 25 साल के कब्जे से चोरी का मोबाइल जब्त करने के बाद रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## कार से अवैध शराब की सप्लाई करते दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त शराब।

**बिलासपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तारबहार पुलिस ने जिला अस्पताल के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 35 पौवा देशी शराब और तस्करी में प्रयुक्त सेंट्रों कार जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदिरा कॉलोनी निवासी सफी कुरैशी 33 वर्ष और शेख अकबर 30 वर्ष जिला अस्पताल के पास सुलभ शौचालय के सामने सफेद रंग की सेंट्रो कार में अवैध शराब रखकर ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह, एएसएसपी पंकज कुमार पटेल व सीएसपी गगन कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रवीन्द्र अनंत के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी।

तलाशी के दौरान कार से 35 नग देशी शराब बरामद हुई। वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने शराब व कार जब्त कर दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## कोरीडेम में नहाते समय डूबने से एक की मौत, दो बाहर निकले

**4 घण्टे बाद एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला शव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरीडेम में नहाते समय तीन युवक गहराई में जाकर डूबने लगे। किसी तरह दो युवक बाहर निकल गए, लेकिन तीसरा युवक गहराई में डूब गया। 4 घण्टे मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने युवक के शव को डेम से बाहर निकाला गया है।



कोटा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर चंदन आवास निवासी शेख शोयब अख्तर पिता अब्दुल कयूम 20 साल प्राइवेट कालेज में बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे। 31 मई को मृतक अपने दोस्त राजकिशोरनगर निवासी अफजल अहमद पिता इसरार 18 साल, जैमूल ओबेदिन के साथ स्कूटी से औरापानी वाटरपार्क घूमने जा रहे थे। रास्ते में पेट्राल कम होने पर तीनों वापस होते हुए कोटा कोरीडेम चले गए। दोपहर 1.30 बजे तीनों डेम में उतरकर नहा रहे थे। नहाते समय तीनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। किसी तरह जैमूल, अफजल डेम से बाहर निकल गए। किन्तु शोयब गहराई में फंसकर डूब गया। दोनों दोस्तों के चिखन चिल्लाने पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस डेम पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम के द्वारा 4 घण्टे मशक्कत करने के बाद शाम 6 बजे शव खोजकर बाहर निकाला गया है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। उनके पिता बिजनेश करते है। छात्र की मृत्यु की खबर से उनके घर में मातम छा गया है।

### अरपा में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** अरपा में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। एसडीआरएफ की टीम के द्वारा शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, दोपहर 12 बजे लोगों ने सूचना दी। शनिचरी रोज बैराज के पास अरपा नदी में एक युवक की लाश तैर रही है। पुलिस मौके पर गई तो वहां पानी की गहराई अधिक थी। एसडीआरएफ टीम को बुलाकर शव को नदी से बाहर निकलवाया गया। आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कार्रवाई कराई गई, किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 साल बताई जा रही है।

## रिपोर्ट लिखाने के दूसरे दिन नशेड़ियों ने घर घुसकर युवक को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिपोर्ट लिखाने के दूसरे दिन नशेड़ी युवकों ने घर में घुसकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



घायल युवक।

सरकण्डा खमतराई निवासी बाबूराम साहू ने बताया, 30 मई को उनके घर के पास कुछ नशेड़ी युवक गाली गलौज कर रहे थे। उनके भतीजे गजेन्द्र साहू पिता सीताराम साहू 28 साल ने नशेड़ियों को गाली देने से मना किया तो नशेड़ियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। गजेन्द्र साहू ने सरकण्डा थाने में नशेड़ियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई थी। 31 मई की सुबह लगभग 10.30 बजे उक्त नशेड़ी युवकों ने घर में घुसकर उनके भतीजे गजेन्द्र साहू के साथ जमकर मारपीट की और चाकू से हमला कर भाग गए। चाकूबाजी की वारदात से घर में हड़कंप मच गया। परिजन के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### युवक पर तलवार से हमला

तालाब किनारे पार्टी मना रहे एक युवक के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। हसौद निवासी मोहन यादव पिता रामनारायण यादव ने बताया, 30 मई को उसके मामा ससुर के घर काठाकोनी भिलौनी नए के घर छत ढलाई होने पर गए थे। छत ढलाई होने के बाद वह रिश्तेदार भिलौनी निवासी प्रकाश यादव के साथ गांव के तालाब किनारे में बैठकर खानापीना रहे थे। इसी दौरान तीन युवक हाथ में तलवार लेकर आए। नशे में तीनों युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने मना करने पर युवकों ने प्रकाश यादव के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। मोहन यादव ने बीच बचाव किया तो हमलावर भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## पत्नी के प्रेमी की हत्या, आरोपी पति गया जेल

**बिलासपुर।** पत्नी के प्रेमी की गला दबाकर हत्या के मामले में पुलिस आरोपी पति शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल व नाबालिग बेटे का बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।



आरोपी।

सकरी पुलिस के अनुसार, लोरमी गोंडखाम्ही राम्हेपुर निवासी दावेन्द्र कुमार बघेल की सैदा हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी शिक्षक शिव कामले पिता पंचराम कामले 49 साल और उनके नाबालिग 16 साल के बेटे ने मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी थी। 31 मई को पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर जेल व नाबालिब बेटे को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। मृतक का आरोपी शिक्षक के पत्नी से प्रेम संबंध था। शिक्षक तीन बच्चों के पिता है। उनकी एक बेटी 22 साल, बेटा 16 साल व एक छोटी बेटी है। तीन बच्चों की मां होने के बाद शिक्षक ने अपनी पत्नी को युवक से संबंध नहीं रखने समझाइश दी। यहां तक तीनों बच्चे भी अपनी मां को समझाइश दे रहे थे। किन्तु वह किसी की बात नहीं मान रही थी।

शिक्षक ने पत्नी पत्नी के मोबाइल का सिम निकालकर तोड़ दिया था। 30 मई को मृतक लोरमी से प्रेमिका को नया सिम देने आया था। शिक्षक ने दोनों को मिलते देख लिया। उसने अपने बेटे को भेजकर मृतक को फस्ट फ्लोवर के कमरे में मिलने बुलाया। युवक को कमरे में बैठाकर पिता पुत्र समझाइश दे रहे थे। किन्तु मृतक उन्हें उनकी पत्नी बगैर नहीं रह सकता है कहने लगा। इस पर पिता पुत्र ने उसकी हत्या कर दी थी।

## रास्ते को व्यवस्थित कराने पर मारपीट पूर्व महापौर पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कालोनी की रास्ते को व्यवस्थित कराने पर एक व्यक्ति के साथ पूर्व महापौर व उसके बेटे ने गाली गलौज कर धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की गई है। पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, मिनोचा कालोनी निवासी अमित शर्मा अपने घर के सामने कालोनी के रास्ते को व्यवस्थित करा रहे थे। इसी दौरान पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय व उनका बेटा राहुल पाण्डेय वहां आकर रास्ते बनाने को लेकर विवाद कर उनके साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की गई है, जिससे कालोनी में हड़कंप मच गया। उसके बाद दोनों पक्ष सिविल लाइन थाना पहुंचकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा मचाने लगे। पुलिस अधिकारियों के द्वारा समझाइस देकर दोनों पक्षों को शांत कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अमित शर्मा की रिपोर्ट पर राजेश पाण्डेय व उनके बेटे राहुल पाण्डेय के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 126, 2, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। टीआई श्री केंवट ने बताया, राजेश पाण्डेय के द्वारा अमित शर्मा पर घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। उनकी शिकायत को जांच में रखा गया है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह मई 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मई 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेन्ट बंधु को 5 जून 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152